www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
30 जून, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 250
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

आपातकाल में लोगों को प्रताड़ित किया गया : मोदी



# पुरी के जगन्नाथ मंदिर में भगदड़, तीन मरे, 50 घायल

## ■ एक्शन में ओड़िशा सरकार, उच्चस्तरीय जांच के आदेश ■ दो अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/पुरी।** पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गयी और 50 अन्य घायल हो गये। रविवार तड़के हुई इस घटना के बाद ओड़िशा सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। सीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला कर दिया गया है। वहीं डीसीपी विष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। चंचल राणा को पुरी का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है, जबकि पिनाक मिश्रा को नये एसपी का कार्यभार दिया गया है। सीएम माझी ने विकास आयुक्त की देखरेख में मामले की प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिये।

**वरिष्ठ अफसर को रथ यात्रा की जिम्मेदारी :** सीएम माझी ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी का प्रभार सौंपा है। उन्हें पहले भी रथ यात्रा आयोजन का अनुभव है। वह फिलहाल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव और खेल एवं युवा मामलों के विभाग में विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में हैं।





**सुबह चार बजे के करीब हुआ हादसा :** पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट भगदड़ की घटना तड़के करीब चार बजे हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु रथयात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। लोग भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथ यात्रा के दौरान 'पहुड़ा' (चेहरे पर पड़ा कपड़ा) हटने की रस्म देखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अचानक दो ट्रक, जो रथ यात्रा के लिए सामग्री ला रहे थे, भीड़ में घुस गये। इससे अफरा-तफरी मच गयी और भगदड़ हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और छह लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती और प्रवती दास के रूप में हुई है।

### मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा

सीएम मोहन चरण माझी ने प्रत्येक मृतक श्रद्धालु के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं। जो श्रद्धालु इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे, उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें।

## गुड़रा नदी का जलस्तर बढ़ा : जमशेदपुर के कोवाली में स्कूल में आयी बाढ़

# जान बचाने के लिए 162 बच्चे छत पर चढ़े, किया गया रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते कुछ दिनों से झारखंड में भारी बारिश हो रही है। कई जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जिसके कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इधर जमशेदपुर जिले में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश से गुड़रा नदी के पानी का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया, जिससे नदी किनारे स्थित लव-कुश आवासीय विद्यालय पांड्रोशोली में पानी घुस गया। यहां हॉस्टल में रहने वाले 162 बच्चे और स्टाफ पानी के बीच फंस गये। अंत में बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एसबेस्टस की छतों पर चढ़ गये, जहां करीब पांच घंटे तक बारिश में भीगते हुए बच्चों ने अपनी जान बचायी। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रस्सी के सहारे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी 162 बच्चों और स्टाफ को ग्रामीणों ने सुरक्षित रेस्क्यू किया और उनके परिजनों को सौंप दिया। रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों की जांच भी की गयी, जिसमें सभी बच्चे स्वस्थ पाये गये। सभी बच्चों को उनके घर भेजा गया।

**तड़के चार बजे स्कूल में घुसा पानी :** लव-कुश आवासीय विद्यालय पांड्राशोली के संचालक सुशांत महतो ने कहा कि तड़के करीब चार बजे के बाद विद्यालय के निचले हिस्से में पानी भरने लगा, तो बच्चों को जगा कर बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन बाहर भी पानी भर गया था। इस स्थिति बच्चों की जान बचाने के लिए उन्हें छत पर चढ़ाया गया। इसके बाद मामले की जानकारी गांव के लोगों को दी गयी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को बाहर निकाला। हॉस्टल में कुल 122 छात्र, 40 छात्राएं और सात स्टाफ मौजूद थे।



### विद्यालय को बंद करने का आदेश

पोटका प्रखंड के वरीय प्रभारी एलआरडीसी गौतम कुमार ने कहा कि पोटका में लव कुश आवासीय विद्यालय के नाम से प्राइवेट विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इसका आवासीय भवन नदी किनारे बनाया गया है, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। नदी का जलस्तर बढ़ा, तो विद्यालय जलमग्न हो गया, जिससे छात्रावास में रहने वाले 162 बच्चे फंस गये थे। गनीमत रही कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। फिलहाल विद्यालय को बंद करते का निर्देश दिया गया है। आगे जांच करके विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### सुबह से सक्रिय रहा प्रशासन, जमे रहे पदाधिकारी

लव-कुश आवासीय विद्यालय पांड्राशोली के बच्चे के बाढ़ में फंसने की सूचना मिलने के बाद से ही प्रशासन सक्रिय हो गया। यहां मुखिया सरस्वती मुर्मू सुबह से ही बच्चों को बाहर निकालने में सक्रिय दिखीं, तो वहीं थाना प्रभारी धनंजय पासवान बच्चों को बचाने के लिए हाफ पैंट में ही पहुंच गये। एलआरडीसी गौतम कुमार, बीडीओ अरुण मुंडा, एमओआइसी डॉ रजनी महाकुड़, डॉ सुकांत सीट समेत कई अन्य पदाधिकारी और ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे।

# गुरुजी की हालत स्थिर दुआओं का दौर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत स्थिर है। नयी दिल्ली से सर गंगाराम अस्पताल की आइसीयू में इलाजरत शिबू सोरेन के स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम नजर रख रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी दिल्ली में ही हैं। गुरुजी के स्वास्थ्य में हल्के सुधार के लक्षण देखे गये। इधर गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर दुआओं का दौर लगातार जारी है। झामुमो कार्यकर्ता लगातार प्रार्थना कर रहे हैं।

**सीएम हेमंत ने जिला प्रशासनों को दिया निर्देश :** दिल्ली में रहते हुए भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और आवश्यक निर्देश दे रह हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मौसम विभाग द्वारा राज्य के जिलों में कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है। आपदा प्रबंधन विभाग और सभी जिला प्रशासन, मौसम विभाग एवं अन्य एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर अलर्ट मोड पर रहते हुए आमजन को हर परिस्थिति में मदद पहुंचायें।

# खूंटी में ग्राम प्रधान सह भाजपा नेता की हत्या

● अज्ञात अपराधियों ने घर में घुस कर दिया वारदात को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के मारंगहादा थाना क्षेत्र की लांदूप पंचायत अंतर्गत काड़े तुबित गांव में अज्ञात अपराधियों ने ग्राम प्रधान बलराम मुंडा (45 वर्ष) की हत्या कर दी। अपराधियों ने घर में घुस कर ग्राम प्रधान को लाठी-डंडे से पीटा। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से वार किया। अपराधियों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। घटना में मृतक का भांजा भी गंभीर रूप से घायल है। मृतक भाजपा के खूंटी ग्रामीण मंडल में मंत्री भी थे। घटना शनिवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे की है। उस वक्त बलराम मुंडा अपने घर में सो रहे थे, तभी लगभग दस की संख्या में अपराधी घर में घुसे और हत्याकांड को अंजाम दिया। इस दौरान अपराधियों ने दूसरे कमरे में सो रहे बलराम मुंडा के भांजे अचु मुंडा को भी बेरहमी से पीटा। वह बुरी तरह से घायल हैं।

# उत्तराखंड में बादल फटने से भारी तबाही

**देहरादून (आजाद सिपाही)।** उत्तरकाशी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से जानकारी दी गयी है कि बड़कोट-यमुनात्री मार्ग पर सिलाई बैंड से पहले दो जगहों पर लैंडस्लाइड हुआ था, जिसमें नौ मजदूर लापता हो गए थे। इनमें दो के शव बरामद कर लिये गये हैं। भूस्खलन की वजह से एक जगह सड़क बह गयी है। बड़कोट की घटना पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, बड़कोट के पास बड़ा भूस्खलन हुआ है। वहां काम कर रहे 29 लोग बह गये। बचाव दल ने 20 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। दो लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। बचाव कार्य जारी है। स्थानीय प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन विभाग लगातार बचाव कार्य में लगे हुए हैं। सभी जिला अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं। हमने स्थिति की समीक्षा की है।

**चार धाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने बताया, खराब मौसम के कारण चार धाम यात्रा को 24 घंटे के लिए रोक दिया गया है। जैसे ही मौसम में सुधार होगा, यात्रियों और श्रद्धालुओं को निकाला जायेगा। हमने जिला अधिकारियों को भोजन, आराम, आवास की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बिहार में मुस्लिम वोट के लिए खूब होगा झकझूमर

## ■ वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन कर राजद ने ले लिया है लीड

## ■ कांग्रेस भी अपने पुराने वोट बैंक को हासिल करने की कोशिश में जुटी

## ■ मुसलमानों के 17 प्रतिशत वोट राज्य की दो दर्जन सीटों पर हैं निर्णायक

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए माहौल लगातार गरम होता जा रहा है और वोट बैंक के समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए सभी राजनीतिक दल कोशिशों में जुट गये हैं। इन पार्टियों के लिए अगली बड़ी परीक्षा बिहार विधानसभा चुनाव है। इसमें भी मुस्लिम वोट बैंक खास है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद होनेवाला यह पहला चुनाव होगा, जिसमें गैर-भाजपाई दलों को अल्पसंख्यक वोट बैंक, विशेष रूप से मुस्लिम मतदाताओं के संदर्भ में, एक लिटमस टेस्ट की तरह परखेंगे। बिहार में करीब 17% मुस्लिम आबादी है और इस वोट बैंक पर कांग्रेस, राजद और जदयू तीनों की नजर टिकी हुई है। यह लड़ाई सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर करीब 20% मुस्लिम वोट खास कर कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए निर्णायक हो सकते हैं। बिहार में मुस्लिम वोटर राज्य की करीब दो दर्जन सीटों पर निर्णायक हो सकते हैं। इनमें सीमांचल की सीटें भी शामिल हैं, जहां पिछली बार ओवैसी की पार्टी ने पांच सीटें जीत ली थीं। इसलिए राजद और कांग्रेस अभी से ही सतर्क हैं। राजद ने तो पटना में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर अपने इरादे साफ कर दिये हैं और कांग्रेस का मुस्लिम मिशन भी अब और स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस, राजद और जदयू के बीच अल्पसंख्यक वोट बैंक को लेकर कड़ी टक्कर होनी तय है। इसलिए बिहार में मुस्लिम वोट बैंक के लिए इस बार झकझूमर तय है। इस झकझूमर में कांग्रेस की क्या रणनीति होगी और वह कितनी असरदार होगी, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में साल के अंत में होनेवाला विधानसभा चुनाव अभी से ही बेहद दिलचस्प नजारे पेश कर रहा है। वोटरों-सामाजिक समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए सभी दल एक-दूसरे से होड़ करते दिखाई दे रहे हैं। विपक्षी महागठबंधन की ओर से पटना में 29 जून को आयोजित वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शन को भी इसी राजनीतिक कवायद की एक कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसे राजद ने आयोजित किया था और महागठबंधन के दूसरे घटक दलों के नेता भी इसमें शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन को बिहार के मुस्लिम वोट बैंक को अपने पक्ष में करने की कोशिश भी कहा जा रहा है।

### 17 फीसदी मुस्लिम वोट बैंक का सवाल

बिहार में वैसे तो सामाजिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए तरह-तरह के जुगत भिड़ाये जा रहे हैं, लेकिन इनमें से मुस्लिम वोट बैंक पर कांग्रेस और राजद के साथ जदयू की नजर है। इस लिहाज से बिहार विधानसभा का चुनाव 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इन दलों के लिए पहली बड़ी परीक्षा होगी। हालांकि मुस्लिम वोट की यह लड़ाई सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर करीब 20 फीसदी मुस्लिम वोट बैंक कांग्रेस और दूसरे गैर-भाजपाई दलों के व्यापक पुनरुद्धार रणनीति के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। कांग्रेस को अच्छी तरह पता है कि यह वही वोट बैंक है, जिसने 90 के दशक में कांग्रेस को स्थायित्व दिया था, लेकिन बाद में क्षेत्रीय दलों की ओर खिसक गया।

### बिहार में कांग्रेस की रणनीति

पिछले कुछ सालों में कांग्रेस ने हिंदुत्व समर्थकों को लुभाने और अल्पसंख्यक वोटरों को आकर्षित करने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। हालांकि, वह अच्छी तरह से जानती है कि हिंदू वोट बैंक के मामले में भाजपा स्वाभाविक रूप से पहली पसंद बनी हुई है। जिन क्षेत्रों में कांग्रेस को हिंदू वोट मिलते हैं, वहां अक्सर धार्मिक कारणों से नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों या भाजपा से असंतोष के कारण होते हैं। इस वास्तविकता को देखते हुए पार्टी अब अपने पारंपरिक गढ़ यानी मुस्लिम वोट पर वापस लौटती दिख रही है। यह अकारण नहीं था कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने एक बार सच्चर समिति की सिफारिशों को तेजी से लागू करने की वकालत की थी और मुसलमानों के अधिकारों को



बढ़ाने पर जोर दिया था। यह नीतिगत रुख अल्पसंख्यक कल्याण और सामाजिक न्याय के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दिखाता है। हिंदू वोट पाने की कोशिश करने के बाद और निरंतर सफलता न मिलने पर कांग्रेस अब अल्पसंख्यक समुदायों को आकर्षित करने पर जोर देती दिख रही है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल। न केवल उसे राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अपने सहयोगियों के साथ वोट शेयरिंग की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। बिहार में 17 फीसदी मुस्लिम वोट शेयर को लेकर कड़ी टक्कर है और कांग्रेस सहयोगियों और विरोधियों दोनों के साथ दौड़ में है।

### कांग्रेस की बदली रणनीति

इस व्यापक संदर्भ से कांग्रेस की ओर से हाल ही में अपनाये गये कई राजनीतिक रुखों को समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लिया जा सकता है। बालाकोट एयरस्ट्राइक पर सवाल उठाने के लिए मिली प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने इस बार अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, जबकि सार्वजनिक रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सरकार के रुख का समर्थन किया। हालांकि पार्टी के कुछ नेताओं ने भी सूक्ष्मता से सवाल उठाये। उदित राज ने ऑपरेशन के नाम के धार्मिक उपक्रम पर सवाल उठाया, यह सुझाव देते हुए कि भाजपा सैन्य कार्रवाइयों को हिंदू प्रतीकों से जोड़ने की प्रवृत्ति रखती है। इसके पीछे संदेश स्पष्ट था कि अपने अल्पसंख्यक आधार को यह बताना कि कांग्रेस अभी भी भाजपा के बहुसंख्यकवादी झुकाव को चुनौती देती है। इरान-इजराइल संघर्ष पर पार्टी का रुख भी इसकी बदलती अल्पसंख्यक रणनीति को दर्शाता है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने गाजा पर सरकार की चुप्पी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल एक राष्ट्र को नष्ट कर रहा है और भारत चुप है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस की सहानुभूति कहां है। संसद में प्रो फिलीस्तीनी बैग लेकर जाना भी इसी संदेश को और मजबूत करता है और वह है अल्पसंख्यक भावना के साथ जुड़ने का एक सोचा-समझा प्रयास।

### कांग्रेस का मुस्लिम परस्त चेहरा

कांग्रेस का मुस्लिम परस्त चेहरा उन राज्यों में भी सामने आ चुका है, जहां वह सत्ता में है। कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने हाल ही में सरकारी ठेका और नौकरियों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की और अल्पसंख्यकों के लिए आवास आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा। ये निर्णय सिर्फ शासन के कदम नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक संकेत भी हैं। यह दर्शाते हुए कि केंद्र या बिहार या केरल जैसे राज्यों में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार अल्पसंख्यक कल्याण को प्राथमिकता देगी।

### अब बिहार की बात

जहां तक बिहार की बात है, तो सीट बंटवारे पर बातचीत और बिहार चुनाव कांग्रेस की अल्पसंख्यकों तक पहुंच बनाने की रणनीति के लिए अहम पल होंगे। राजद के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस स्पष्ट रूप से मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपनी स्वतंत्र अपील बनाने की कोशिश कर रही है। जदयू के पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी और अन्य पसमांदा मुस्लिम नेताओं को अपने पाले में शामिल करना इसी कोशिश का हिस्सा है। हालांकि मुस्लिम वोटों को फिर से हासिल करने और साथ ही कुछ हिंदू मतदाताओं को खुश करने की कोशिश में कांग्रेस अक्सर दिशाहीन दिखती है। परस्पर विरोधी आवेगों के बीच फंसी हुई। मुस्लिम वोटों को एकजुट करने और सॉफ्ट हिंदुत्व की राह पर चलने के बीच चुनाव करने की उसकी जद्दोजहद पार्टी को राजनीतिक चौराहे पर ला खड़ा करती है।

### राजद और जदयू भी शांत नहीं

मुस्लिम वोट हासिल करने के लिए राजद और जदयू भी शांत नहीं हैं। जदयू को जहां अपने पुराने नेताओं-कार्यकर्ताओं पर भरोसा है, वहीं राजद को लालू के एम-वाइ समीकरण पर विश्वास है। पटना में वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शन राजद की इसी रणनीति का हिस्सा था। इसलिए इस बार बिहार में जो सीन बनता दिखाई दे रहा है, उसमें मुस्लिम वोट को हासिल करने के लिए मची आपाधापी ही सबसे दिलचस्प नजारा पेश कर रही है।

---

# गिरिडीह में खुलेगी यूनिवर्सिटी, स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर, इंजीनियरिंग कॉलेज: सुदिव्य सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड के उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने रविवार 29 जून को एक समारोह में जिले के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी, महिला शिक्षा के लिए स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने अलग-अलग बोर्ड से परीक्षा देने वाले अपने-अपने स्कूल के 10वीं और 12वीं के टॉपरों को सम्मानित किया। इसी दौरान उन्होंने घोषणा की कि गिरिडीह जिले के बच्चों को अब उच्च शिक्षा के लिए राजधानी रांची या हजारीबाग नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि तीन साल में सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो जायेगी और गिरिडीह के बच्चे उस विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिला शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी जिला बनेगा। उनका भी सीना चौड़ा होगा, जब कोई रांची में कहे कि गिरिडीह का बच्चा स्टेट टॉपर बना है। मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए जोगीटांड़ में 20 एकड़ के कैंपस में स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर का निर्माण होगा, जिसमें बेटियां पढ़ाई कर पायेंगी। उन्होंने कहा कि तीन साल में गिरिडीह जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज भी बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने गिरिडीह में स्टेट ऑफ आर्ट लाइब्रेरी बनाने की भी बात कही। साल-डेढ़ साल में इसका निर्माण पूरा हो जायेगा और बच्चे यहां से निःशुल्क किताबें ले सकेंगे, यहां पढ़ाई कर सकेंगे।

## हनीमून से लौटते ही कल्याण बनर्जी से भिड़ीं महुआ मोइत्रा

# कोलकाता लॉ कॉलेज रेप मामले में हुई तकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ सांसद, महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी एक बार फिर खुलकर आमने-सामने आ गये हैं। यह तकरार कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस को लेकर ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी के बाद सामने आयी है, लेकिन अब यह विवाद व्यक्तिगत आरोपों तक पहुंच गया है। कल्याण बनर्जी ने कहा, 40 साल की शादी तोड़ी, अब मुझे नैतिकता सिखा रही है। कल्याण बनर्जी ने महुआ मोइत्रा के वैवाहिक जीवन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, महुआ हनीमून से लौटकर मुझसे लड़ने आ गयी हैं। मुझे नारी विरोधी बता रही हैं। उन्होंने एक 40 साल पुरानी शादी तोड़ दी और 65 साल के व्यक्ति से शादी की। क्या उन्होंने उस महिला को चोट नहीं पहुंचायी। बता दें कि महुआ मोइत्रा ने बीजद के पूर्व सांसद पिनाकी मिश्रा से शादी की है। कल्याण बनर्जी ने कहा, जो सांसद संसद से नैतिकता के उल्लंघन पर निष्कासित हो चुकी हैं, वह मुझे ज्ञान दे रही हैं। वह सबसे ज्यादा महिला विरोधी हैं। उन्हें सिर्फ अपना भविष्य और पैसा बनाना आता है। यह हमला तब हुआ, जब कल्याण बनर्जी ने कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस पर टिप्पणी करते हुए बलात्कार पीड़िता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा, जो ऐसे लोगों के साथ घूमती हैं, उन्हें सोचना चाहिए कि वे किनके साथ जा रही हैं।

---

# पांच मेडिकल कॉलेजों को मिली एमबीबीएस सीटों की मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पांच सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई का सपना देख रहे छात्रों के लिए खुशखबरी है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने सत्र 2025-26 के लिए इन सभी 5 कॉलेजों में 100-100 सीटों पर दाखिले की अनुमति दे दी है। यह जानकारी झारखंड के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेज दी गयी है।

**सशर्त दी गयी है अनुमति :** एनएमसी ने स्पष्ट किया है कि यह मंजूरी अस्थायी और सशर्त है। सभी कॉलेजों को अगले 4 महीनों के भीतर अपनी खामियों और संसाधनों की कमी को दूर करना होगा। इसके अलावा, अगले सत्र के लिए फिर से मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) से अनुमति लेनी होगी।

**फैकल्टी की स्थिति :** फैकल्टी की संख्या के अनुसार सबसे कमजोर स्थिति दुमका की है, जहां सिर्फ 41 फैकल्टी सदस्य हैं। इसी तरह पलामू में 71, हजारीबाग में 78, जमशेदपुर में 133 और धनबाद में 141 फैकल्टी सदस्य हैं।

**प्रोफेसरों की संख्या :** धनबाद में 9, जमशेदपुर में 9, हजारीबाग में 7, दुमका में 6 और पलामू में 4 प्रोफेसर हैं।

**इन कॉलेजों को मिली मंजूरी**

- फूलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका
- मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग
- शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद
- एमजीएम मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर

### 2019 में मिली थी पहली बार अनुमति

गौरतलब है कि 2019 में दुमका, पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेजों को पहली बार 100 सीटों की मंजूरी मिली थी, लेकिन 2020 में संसाधनों की कमी के कारण दाखिले रोक दिये गये थे। अब एक बार फिर छात्रों को उम्मीद की किरण दिखी है, लेकिन सुधार की शर्त के साथ।

---

# गौरवशाली विरासत और आत्मविश्वास के साथ बन रहा आत्मनिर्भर भारत : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। बूथ पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर जिलांतर्गत जसीडीह प्रखंड के कुशमहा में मन की बात पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सुनी।

इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक आर्थिक प्रगति का दस्तावेज है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक विरासत के साथ आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कहा कि भारत की कला संस्कृति, पारंपरिक हुनर का सम्मान आज बढ़ा है। भगवान बुद्ध का संदेश और योग ने विश्व बंधुत्व के भाव को मजबूत किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू मंडल रांची में कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है, पाथेय है। आज युवा शक्ति विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मोदी के संदेश को आत्मसात कर रहा है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था 18वीं सदी की : मरांडी

**सुविधा के अभाव का दंश झेलने केलिए जनता मजबूर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि ये 18वीं सदी नहीं है, पर झारखंड के गांवों में हालात अभी भी वही हैं। सिमडेगा ज़िले के चुंदियारी गांव में एक बुजुर्ग महिला गंगो देवी के कमर में गंभीर चोट आयी, लेकिन गांव में न सड़क थी, न स्वास्थ्य सुविधा, न एंबुलेंस पहुंची। मजबूर परिजन खाट पर लाद कर तीन किलोमीटर पैदल चले। कहा कि शर्म की बात ये है कि ये सब उस राज्य में हो रहा है, जहां झारखंड सरकार ने इस साल बजट में स्वास्थ्य पर 3497 करोड़ और सड़कों व पुलों के लिए 5300 करोड़ खर्च करने की घोषणा की थी। पिछले साल यही राशि 7223 करोड़ और 6389 करोड़ थी। इतना पैसा गया कहां? इसका जवाब हम सबको पता है। कहा कि जब भ्रष्टाचार करने की बात आती है, तो झारखंड सरकार सुरसा से भी बड़ा मुंह खोल लेती है। लेकिन जब व्यवस्था को लेकर सवाल किया जाये, तो मंत्री-अधिकारी गूंगे - बहरे बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति से इतर इतनी संवेदनशीलता तो दिखाइए, कम से कम ये सुनिश्चित कीजिए कि किसी को खाट पर लाद कर इलाज के लिए न जाना पड़े।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.57 बजे |



# गोल इंस्टीट्यूट के सम्मान समारोह में नीट टॉपर्स का मेला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा नीट 2025 में सफल छात्रों के लिए रांची के गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पीपी कंपाउंड, हिंदपीढ़ी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें गोल के झारखंड से सफल छात्रों को मेडल, एप्रोन एवं स्टेथोस्कोप देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में सफल छात्रों के साथ साथ सैंकड़ों गोल इंस्टीट्यूट में तैयारी कर रहे छात्रों ने भाग लिया।

इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ अमितेश आनंद सीनियर कंसल्टेंट और हेड, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, आरसीएचआरसी ने गोल संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि झारखंड में गोल के मदद से आज इतने अधिक संख्या में छात्र सफल होकर डॉक्टर बनने कि दिशा में अपना कदम बढ़ा रहे हैं। साथ ही उन्होंने सफल छात्रों को भविष्य में आने वाली जिम्मेवारियों से अवगत कराया।

इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ वशिष्ठ नारायण सिंह, वरिष्ठ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट, पारस एचइसी हॉस्पिटल (रांची) एवं कई अन्य गणमान्य अतिथी ने सफल छात्रों से अपने अनुभव को साझा किये एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

छात्रों की सफलता पर गौरवान्वित होते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि इस सफलता का श्रेय छात्रों के अथक प्रयास, अभिभावकों का विश्वास और गोल टीम का लगातार सही दिशा में किया गया प्रयास को जाता है। श्री सिंह ने छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह से सफलता प्राप्त करने की शुभकामना दी एवं अगले वर्ष की तैयारी कर रहे छात्रों को कहा कि गोल इंस्टीट्यूट के रिजल्ट ऑरिएंटेड सिस्टम का कदम से कदम मिला कर फालो करें, अगले वर्ष सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि इस वर्ष का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत कठिन था, बावजूद इसके हमारे छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार कुल 5432 छात्रों ने गोल से नीट क्वालिफाई किया है, जिसमे से 527 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाने की संभावना है। यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है। हमारा संस्थान अगले सत्र के लिए फाउंडेशन, टारगेट, एचीवर एवं टेस्ट सिरिज के माध्यम से नीट के लिए छात्रों को और भी बेहतर सुविधाओं के साथ तैयारी करवायेगा।

गोल इंस्टीट्यूट के आर एंड डी हेड आनंद वत्स गोल के नये सत्र की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष छात्रों को विशेष रूप से नीट के स्कोर के आधार पर एवं गोल स्कॉलरशिप टेस्ट के आधार पर वृहत पैमाने पर छात्रवृत्ति दी जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी गोल के रिजल्ट ओरिएंटेड क्लासरूप कोर्सेस फैसिलिटी ले पायें। साथ ही उन्होंने कहा कि इस वर्ष रांची ब्रांच में छात्रों को पीछले वर्षों की अपेक्षाकृत अत्यधीक फैसेलिटी दी जा रही है, जहां अच्छे शिक्षण और टेस्ट के साथ साथ हॉस्टल और लाइब्रेरी की सुविधा भी छात्रों को उपलब्ध करायी जा रही है।

गोल धनबाद ब्रांच हेड संजय आनंद ने कहा कि गोल अगले वर्ष नये पाठ्यक्रम के अनुसार नये बदलाव के साथ और भी बेहतर सुविधाएं छात्रों को देने जा रही है, जिससे छात्र और अधिक लाभान्वित होंगे।

शुभजीत राज (630 अंक, 236वीं ऑल इंडिया रैंक) ने कहा कि गोल संस्थान एक परिवार की तरह केयर किया है। साथ ही क्वालिटी शिक्षण एवं नीट के नये पैटर्न पर आधारित गोल का टेस्ट के द्वारा प्रैक्टिस ने हमें टॉपर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गोल इंस्टीटड्ढूट को देते हुए गोसिया फिरदौस (612 अंक, 702वीं ऑल इंडिया रैंक) ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी गोल इंस्टीटड्ढूट द्वारा रेगुलर क्लास, रिविजन क्लास, टेस्ट, डाउट्स के साथ गोल के एक्सपर्ट्स द्वारा दिशा निर्देश ने हमारे सफलता में अहम भूमिका निभायी है। गोल में प्राप्त पर्सनल केयर एवं अच्छे कॉम्पीटीटीव माहौल का हमारे अच्छे रिजल्ट में अहम रोल है। गोल का सहयोग हमें नीट परीक्षा के दिन तक मिला, जो हमारे लिए अविस्मरणीय है।

नफीसा निगार (610 अंक, 822वीं ऑल इंडिया रैंक) ने बताया कि गोल एजुकेशन विलेज का अनुशासित वातावरण और बोर्ड के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मॉडल बहुत प्रभावी रहा। इसके अलावा समारोह में कई अन्य छात्रों को सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन गोल के अभिषेक कुमार एवं संजय आनंद के द्वारा किया गया, जिसमें गोल के केपी सिंह, शुभम, पुनम, सुमेधा, सुमेधा, प्रेरणा, साक्षी, अनुराग, यशवंत, सना, अतुल, अलकामा, मुकेश, उज्जवल, कुमकुम और प्रियरंजन समेत कई अन्य गणमान्य सदस्य एवं शिक्षक आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाको बोदरा को किया नमन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरु लाको बोदरा को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया। हेमंत सोरेन ने लिखा, आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निर्माता, भाषाविद् और महान साहित्यकार और गुरु कोल लाको बोदरा जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

## रिम्स में वार्षिक आइआरआइए सम्मेलन

# रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नये बदलावों पर चर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स ऑडिटोरियम में रविवार को वार्षिक आइआरआइए सम्मेलन जेएसआरसी 2025 का आयोजन हुआ। इसमें देश भर से प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट और वक्ता शामिल हुए। इस सम्मेलन में प्रतिभागियों ने रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नये बदलावों और तकनीकी विकास पर चर्चा की। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वीके चौधरी निदेशक सीआइपी कांके रांची मौजूद थे। गणमान्य अतिथि के रूप में डॉ राज कुमार निदेशक रिम्स, डॉ डीके सिंह कुलपति झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और डॉ प्रभात कुमार सिविल सर्जन रांची सदर शामिल थे। सम्मेलन में प्रबुद्ध रेडियोलॉजिस्ट वक्ताओं की एक पंक्ति शामिल थी। इनमें पुणे से प्रो डॉ अभिमन्यु केलकर, जयपुर से डॉ गौरव कांत शर्मा जिप्सी, नयी दिल्ली से डॉ कृष्ण गोपाल और जमशेदपुर से डॉ नीलम जैन शामिल हुए। वक्ताओं ने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किये। इससे प्रतिभागियों को मूल्यवान ज्ञान और कौशल मिला।

सम्मेलन का आयोजन आइआरआइए राज्य अध्याय के प्रबंधन द्वारा किया गया। इसका नेतृत्व प्रो डॉ सुरेश कुमार टोप्पो विभागाध्यक्ष ने किया। डॉ राजीव कुमार रंजन, डॉ प्रबाल सेन, डॉ प्रवीण त्रिपाठी, डॉ अनिश चौधरी और डॉ राजन पांडेय ने अमुल्य योगदान दिया। रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के पीजी छात्रों ने भी सम्मेलन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।




# 'सांसद तीर्थ दर्शन' महाअभियान शुरू

**ईश्वर जबतक शक्ति देगा इसे जारी रखूंगा: मनीष जायसवाल**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा विकास और सेवा के साथ संस्कार को महत्व देते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा के सपने को साकार करने के लिए सांसद तीर्थ दर्शन महा अभियान की विधिवत शुरुआत रविवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावां स्थित भगवान नृसिंह के दरबार से किया। इस दौरान बीजेपी झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, चतरा सांसद कालीचरण सिंह सहित कई विधायकों और पूर्व विधायकों की उपस्थिति में इस क्षेत्र के दो पंचायत के तीन गांवों के रहने वाले चयनित कुल 180 तीर्थ यात्रियों को चार धाम के तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। इससे पूर्व खुद भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और सांसद मनीष जायसवाल ने सांकेतिक रूप से तीर्थयात्रियों का पांव पखारा और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ क्षेत्र के बेटा के रूप में मुझे अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद करने का अवसर प्रदान करेगी ।

**पीएम मोदी की प्रेरणा से शुरू की सांसद तीर्थ यात्रा, ईश्वर जबतक शक्ति देगा इसे जारी रखूंगा: मनीष जायसवाल:** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा स्रोत तीर्थ यात्रा की शुरुआत दर्शन को लेकर यात्रा शुरू की गयी है। जिसमें सरजू नदी, संगम तट आदि स्थानों पर स्नान करने कर पुण्य प्राप्त करेंगे। जो रोस्टर के हिसाब से प्रत्येक विधानसभा में प्रखंड अंतर्गत पंचायत वार होगा। सेवाभाव के साथ राजनीति करना हमारा परम कर्तव्य है। जिसके तहत 12,653 कन्याओं के बीच लहंगा वितरण, सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत 101 जोड़ी का सामूहिक विवाह कराया, नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र ने आयोजन और रामनवमी के दौरान सभी अखाड़ा धारियों तक पारंपरिक लाठी और तलवार पहुंचाया आदि का आयोजन कर रहा हूं जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओं भरपूर का आशीर्वाद मिल रहा है और इसी कार्यकर्ताओं के बदौलत देश सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सांसद श्री जायसवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व चल रही केंद्रीय सरकार की उपलब्धियां को भी गिनाया साथ ही कहा कि जब तक हमें ईश्वर शक्ति प्रदान करेगा तबतक ये तीर्थ दर्शन महाअभियान जारी रहेगा।

### मौके पर ये लोग रहें मौजूद

उक्त अवसर पर विशेषरूप से भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, सांसद राज्यसभा आदित्य साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ.तिवारी महतो, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, पूर्व विधायक सह पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, बीजेपी प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय बीजेपी प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, बीजेपी प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा, बीजेपी प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, पूर्व सदस्य अल्पसंख्यक आयोग कमाल खान, पूर्व सदस्य महिला आयोग उषा पांडेय, हजारीबाग जिला बीजेपी अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, वरिष्ठ नेता के.पी. शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी. ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, डॉ.संजय सिंह, रंजीत सिन्हा, कुंदू बाबू, राधेश्याम अग्रवाल, अशोक यादव, टुन्नु गोप, शिवशंकर गुप्ता, अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, सुमन कुमार, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, दामोदर सिंह, रमेश ठाकुर, रंजन फौजी, जयनारायण प्रसाद, अरविंद सिकरवार, कुणाल किशोर दुबे, विजय जायसवाल, राजू चतुर्वेदी, रंजीत पांडे, कुंवर मनोज, सिंह, टोनी जैन, जुगनू सिंह, मनोरमा राणा, राजकरण पांडेय, अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र राम बिहारी, रमेश हेंब्रम, इंद्र नारायण कुशवाहा, महेंद्र बिहारी, मनोरमा राणा, शिवशंकर लाल गुप्ता, अरुण राणा, दिनेश सिंह राठौड़, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, बालदेव बाबू, बंटी मोदी, उमेश दांगी, मुनींद्र शर्मा, सांसद पुत्र करण जायसवाल सहित हजारीबाग और रामगढ़ जिले के भाजपा कार्यकर्ता, पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सभी सांसद प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहें ।

## हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण वल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल, जिला के ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर जकीउल्लाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान और धन्यवाद ज्ञापन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया। यह बैठक कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम जो पूरे भारत में चल रहा है उसी कड़ी में बैठक की गयी। इस अवसर पर जिला पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश पर जिला कमेटी को साथ ही जिला अध्यक्ष को और सशक्त बनाया जायेगा। प्रखंड कमेटी को विस्तार करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया और प्रखंड अध्यक्षों की उपस्थित में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जिला कांग्रेस की बैठक 1 से 15 तारीख हर महीने बैठक करना है और कार्य करने के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गयी है। इसी प्रकार हजारीबाग जिला के सभी प्रखंडों में 5 तारीख को बैठक की जायेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी को संगठित कर मजबूत करना है। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, शशि मोहन सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष बेबी देवी, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह आदि उपस्थित थे।

# तीर्थ यात्रियों को जिप चेयरमैन ने माला पहना किया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले चार धाम काशी, अयोध्या, प्रयागराज संगम और विंध्याचल जैसे तीर्थ स्थल जा रहे 180 तीर्थ यात्रियों और नेतृत्व कर रहे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को इचाक मोड़ में जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने माला पहना कर स्वागत किया। तीन बसों से जा रहे तीर्थयात्रियों को माला पहनाने के बाद पानी, बिस्किट समेत अन्य खाने पीने का सामान देकर जीप चेयरमैन ने विदा किया। इस दौरान इचाक मोड़ शिव मंदिर के पास तीर्थयात्रियों का गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। जिप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि तीर्थ यात्रियों का स्वागत करने का अवसर मिला है यह बहुत ही सुखद है। साथ ही कहा कि सभी लोगों को तीर्थयात्रा करना चाहिए और यह अच्छा मौका है कि आपको हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से बिना किसी भाड़ा के चार तीर्थ का यात्रा करवाया जा रहा है। साथ ही हजारीबाग सांसद को भी इस कार्य के लिए बधाई दिया। मौके पर पूर्व मुखिया भागवत प्रसाद मेहता, डेगनारायण मेहता, सुधीर मेहता, राजेंद्र मेहता, संजय मेहता, सीताराम मेहता, अविनाश कुमार, विकास कुमार मेहता, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की बैठक




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय संगठन एफएमआरएआइ के आह्वान पर मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के हजारीबाग इकाई द्वारा आगामी 9 जुलाई को होने वाले हड़ताल के संबंध में एक बैठक किया गया। जिसमें सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, राज्य उपाध्यक्ष रामचन्द्र ठाकुर, और जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू बिएसएसआरयू के जिला सचिव विजय कुमार, जिला अध्यक्ष सुदीप चटर्जी, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोक कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सिकंदर कुमार शर्मा, सह सचिव सुमन शेखर और लोकल कमिटी सदस्य अशोक कुमार, साकेत कुमार, अनंत कुमार पांडेय, राकेश कुमार, अखिलेश मिश्रा, तुनेश्वर कुमार सिन्हा और अन्य सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में कई मांगों को उठाया गया। सरकारी अस्पतालों और संस्थानों में दवा प्रतिनिधियों एसपीइएस के प्रवेश पर प्रतिबंध हटाने, जीवन रक्षक दवाइयों सहित सभी दवाओं को जीएसटी से मुक्त करने, आवश्यक दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने, सभी दवाओं के निर्माण, वितरण और मूल्य निर्धारण पर सार्वजनिक निगरानी लागू करने, निजीकरण पर रोक लगाने और दवा प्रतिनिधियों (एस पी ई एस) के लिए न्यूनतम पेंशन 9000 सुनिश्चित करने के अलावा राज्य सरकार से दवा प्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम वेतन 26,910 घोषित करने, काम के घंटे 8 घंटे तय करने और ओवरटाइम लागू करने समेत अन्य मांग रखी।

## पैसा मांगने पर मारपीट करने और गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार करने का मामला थाने में दर्ज



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पैसे मांगे जाने पर मारपीट और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में बड़कागांव थाने में एक मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम डोकाटांड़ निवासी मथुर साव द्वारा बड़कागांव थाना में कांड संख्या 156/25 दर्ज मामले में आरोप लगाया गया है कि मेरे ही गांव की निवासी राजकुमार साव उम्र लगभग 40 वर्ष पिता भुवनेश्वर ने रुपये की लेनदेन से संबंधित एक चिट फंड समिति बनाया। जिसमें रुपए का लेनदेन स्वयं राजकुमार साव करता था इसमें ली गयी राशि को कम समय में डबल कर-के वापस करना था। मुझे भी इस समिति के एजेंट के रूप में जोड़ दिया गया। मैं अपने और अपने परिचित लोगों के रुपए को राजकुमार साव के झांसा में आकर दोहरी लालच में जमा किय। समय अवधि पूरी होने पर मेरे परिचित लोग राशि मांग करने लगे तो राजकुमार साव की नियत में बेईमानी आ गयी और दिन ब दिन रुपये न देकर बहाना बनाते हुए टालमटोल करने लगा। इस संबंध में 13.4.25 को कुछ गण्यमान ग्रामीण पंचों के समक्ष फैसला भी हुआ जिसमें राजकुमार साव ने सभी पंचों के समक्ष 2 महीना के अंदर सभी रुपए वापस करने में सहमति जताया। इसी फैसले के आलोक में मैं मेरी पत्नी और मेरे पुत्र तीनों मिलकर राजकुमार साव के घर रुपये मांगने के लिए गये तो राजकुमार साव पिता भुनेश्वर साव, रेखा देवी पति राजकुमार साव, भुवनेश्वर साव पिता नीरू साव, लीला देवी पति भुवनेश्वर साव, पूर्णिमा कुमारी पिता रामकुमार साव, बांकु राज पिता राजकुमार साव, और राजकुमार साव की छोटी बहन नाम मालूम नहीं और अन्य अज्ञात 5-7 लोगों के द्वारा मिलकर भद्दी-भद्दी गाली गलौज करते हुए हम तीनों के ऊपर मारपीट करने लगे और राजकुमार साव मेरी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए गले में पहने सोने का चैन भी छीन लिया और साड़ी का पल्लू फाड़ते हुए छेड़खानी किया। साथ ही राजकुमार साव हाथ में पहने हुए लोहे के फाइटर से मेरे और मेरे पुत्र के ऊपर जानलेवा प्रहार किया जिसमें मुझे गंभीर चोट आई और मेरे पुत्र के आंख के सामने फट गया और खून बहने लगा। इसके बाद हम लोग हो हल्ला करने लगे जिसको सुनकर आसपास के लोग आए और हम लोग अपना जान बचाकर वहां से भागे और राजकुमार साव ने कहा कि दोबारा रुपये मांगने आया तो जान से मार के फेंक देंगे। तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। आवेदन में मथुर ने आगे बताया है कि मेरे पुत्र द्वारा पूर्व में भी बड़ी बाजार थाना में राजकुमार साव के विरुद्ध आवेदन दिया गया था। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। आगे आवेदन में उन्होंने लिखा है कि राजकुमार साव बहुत सारे भोले भाले ग्रामीणों का रुपया हड़प रखा है जिसका बड़कागांव थाने में कई कांडों में मामला दर्ज है। आवेदन का प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव को दी गयी है।

# हाथियों ने वृद्ध व्यक्ति को कुचलकर मार डाला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयनगर।** प्रखंड क्षेत्र के खरियोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पिसपिरो में हाथियों ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला मृतक की पहचान रविंद्र यादव उर्फ नन्कू यादव उम्र लगभग 55 वर्ष पिता कन्हाई यादव के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नन्कू यादव सुबह शौच करने के लिए घर से बाहर निकले थे वहीं हाथि ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का यह पहला आतंक नहीं है जब उसने किसी व्यक्ति को कुचलकर मार डाला हो। विगत एक वर्षों में लगभग आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों को हाथियों ने अपना शिकार बनाया है। वन विभाग के अधिकारी के डी प्रसाद, अनिल कुमार साव, जयनगर थाना प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर मृतक परिजनों को विभाग से मिलने वाली सहायता राशि 25000/ दिया और शेष पैसे देने का भरोसा दिलाया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**

पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामजी यादव ने कहा कि निश्चित रूप से यह एक दर्दनाक घटना है और ऐसी घटना अक्सर जयनगर प्रखंड क्षेत्र में हो रही है कहीं ना कहीं प्रशासन की लापरवाही है। घटना की जानकारी के बाद प्रशासन पहुंचती है और अपना फॉर्मेलिटी निभाती है परंतु घटना होने के बाद, यह समझ से परे है। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने कहा कि यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। उन्होंने जंगल विभाग को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि निश्चित तौर पर यदि वन विभाग इस पर सक्रिय होकर कोई सार्थक पहल करता तो इसी घटनाएं आए दिन नहीं घटती। युवा नेता चंदन यादव ने कहा कि ऐसी घटना से थाना क्षेत्र के लोग दहशत में जीने को विवश हैं। मौके पर समाजसेवी अशोक यादव, राजू यादव, पवन यादव, रामसहाय यादव, प्रकाश यादव, मनोज रविदास, मनोज सिंह, रंजीत यादव, सरजू यादव, महेंद्र यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रिसाइकलिंग वेस्ट मैनेजमेंट की योजना शुरू

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में झारखंड सरकार की स्वच्छता अभियान को लेकर एक महत्वाकांक्षी योजना बिंदी रिसाइकलिंग वेस्ट मैनेजमेंट के तहत जयनगर पूर्वी पंचायत मुखिया कौशर खान की उपस्थिति में जयनगर पूर्वी पंचायत के गणमान्य और प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेन्द्र भाई मोदी ने हरी झंडी दिखाकर जयनगर पूर्वी पंचायत में कार्यक्रम की शुरूआत की। इस योजना के तहत प्रत्येक दिन पंचायत में एक ट्रैक्टर और दो मजदूर घुमेंगे और जगह-जगह पर जमा किये गये कचरा को उठाकर गंतव्य तक पहुंचायेंगे। मौके पर समाजसेवी अरमान खान, शशिकांत प्रसाद, रामविलास स्वर्णकार, प्रकाश वर्मा, राजेश कुमार, मनोज वर्मा, बहादुर साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## उड़ान 3.0 कार्यक्रम के समापन समारोह में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद हुए शामिल




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जीतो लेडीज विंग, हजारीबाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित मेगा इवेंट उड़ान 3.0 का समापन समारोह रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। विधायक श्री प्रसाद ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पूरे मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिला उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को सराहा। उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन वास्तव में समाज में नारी शक्ति के सशक्त रूप को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा की उड़ान 3.0 नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने जिस आत्मबल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय महिलाओं को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उनके उत्पादों को मंच देकर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयोजक मंडली इस के लिए बधाई की पात्र है विधायक ने कार्यक्रम की आयोजक मंडली से संवाद भी किया और उनके उत्साह, कार्यकुशलता और सामाजिक योगदान की सराहना की। आयोजक मंडली ने उनके आगमन को गौरव की बात बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन समारोह में भीड़ का उत्साह देखने लायक था, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम ने न केवल महिलाओं को मंच दिया बल्कि पूरे शहर को एकजुट कर दिया। उड़ान 3.0 अब अपने पीछे सशक्तिकरण, सहभागिता और सामाजिक समरसता की एक प्रेरणादायक छाप छोड़ गया है। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## ब्राह्मण महासंघ की बैठक

केरेडारी(आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ केरेडारी इकाई की एक बैठक रविवार को बेल चौक केरेडारी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मिथलेस पांडेय ने किया। बैठक में मौजूद लोगों ने संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इसके साथ ही प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों से दो - दो सदस्यों को संगठन से जोड़ने, संगठन की अगली बैठक 6 जुलाई रविवार को चर्चित मां अस्टभुजी माता स्थान कंडाबेर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड स्तर पर व्यापक रूप से नये सदस्यों को संगठन में शामिल करने व संगठन की मजबूती व इसके विस्तार को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर महेश पाठक, युगल किशोर पांडेय, हितेश दुबे, अनिल कुमार पांडेय, मदन कुमार पांडेय, पंकज कुमार मिश्रा, लोकनाथ पाठक, गौतम पांडेय व सतीश पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।


# अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डोमचांच।** डोमचांच थाना के शहीद चौक के पास उपेन्द्र होटल के पीछे स्थित मकान में अवैध रुप से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुअनि ओम प्रकाश, थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच थाना क्षेत्रान्तर्गत शहीद चौक के पास उपेंद्र होटल के पीछे स्थित मकान में छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस को मकान में भारी मात्रा में कार्टुन में विभिन्न कंपनी के अवैध अंग्रेजी शराब कुल 34.045 लीटर और विभिन्न कंपनी के बीयर कुल 140.45 लीटर बरामद किया। अवैध अंग्रेजी शराब का कुल अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये है। छापामारी के दौरान पुलिस के द्वारा अवैध शराब का भंडारण और परिवहन कर व्यापार करने वाले एक अभियुक्त उपेन्द्र साव, उम्र 38 वर्ष, पिता स्व उमेश साव, ग्राम शहीद चौक, थाना डोमचांच को गिरफ्तार किया गया। अभियान में थाना प्रभारी के अलावे पुअनि कन्हैया राम, सअनि कमललाल तांती, सअनि रामजीत मुंडा, व सशस्त्र बल डोमचांच थाना की भूमिका रही।

## जेरूवाडीह में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के धरमपुर पंचायत के जेरूवाडीह गांव का बिजली ट्रांसफार्मर पिछले आठ दिनों से खराब था। वहां के ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि के माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल को सूचित किया। उन्होंने अनुशंसा किया और ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मिला। जिसका उद्घाटन प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, मिथलेश पाठक, अमरेश सिंह ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर उद्घाटन के अवसर पर प्रतिनिधि ने कहा कि सांसद के पास आप समस्या लेकर पहुंचेंगे तो निश्चय समाधान होगा। यहां के ग्रामीणों ने अपनी समस्या बतायी। मैने देखा भी कि कृषि प्रधान ग्राम होने की वजह से बिजली की यहां जरूरत है और इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इसे पूरा किया गया। मौके पर कृष्णा साव, नंदकिशोर प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, पंकज मंडल, योधी प्रसाद यादव, अशोक यादव, राजू प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

# होटल कारीगर की दो बेटियों को मिली पुलिस की नौकरी, लोगों ने दी बधाई

**गौतम पाल**





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कहते हैं मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, अगर दिल में जज्बा हो कुछ कर गुजरने की तो हर मुश्किल काम भी आसान हो सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है होटल कारीगर चंद्रेश्वर पासवान की दो बेटियों ने। जिसने बिहार पुलिस में एक साथ सरकारी नौकरी हासिल की है। प्रमिला और सुशीला गरीबी से जूझते हुए भी सिपाही भर्ती परीक्षा पास कर परिवार सहित समाज का भी नाम रोशन किया है। एक साक्षात्कार में इन दोनों होनहार बेटियों ने बताया कि इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद से ही पुलिस भर्ती प्रक्रिया की तैयारी शुरू कर दी थी। सुबह में दौड़ लगाना, व्यायाम करना और फिर पढ़ाई में जुट जाना यह दोनों बहनों की दिनचर्या बन गयी थी। छह भाई बहनो में दोनों बेटी प्रमिला व सुशीला ने पिता की कड़ी मेहनत और अपने 6 बच्चों को अच्छी परवरिश का ख्वाहिश लिए एक मुकाम हासिल कराने की चाहत को हकीकत में बदल डाला। एक गरीब घर से दोनों बेटी की सफलता कोई संयोग नहीं, बल्कि उसके पिता का संघर्षो का हीं नतीजा था। बताते चले गरीबी से जूझने के उपरांत भी प्रमिला और सुशील ने हार नहीं मानी, और अपने पढ़ाई को निरंतर जारी रखा। कारीगर पिता चंद्रु ने बताया कि उसके दोनो बेटी काफी मेहनती थी। मैट्रिक परीक्षा में भी दोनों ने 90 प्रतिशतअंक हासिल किये थे। उसकी कड़ी मेहनत का हीं नतीजा है कि आज उसकी दोनों बेटी ने बिहार पुलिस में एक साथ सफलता पायी है। चंद्र ने बताया कि प्रमिला फिलहाल भभुआ पुलिस लाइन सुशीला दरभंगा के लहरिया पुलिस लाइन में बतौर आरक्षी नियुक्त है। वही मेनका होटल संचालक दीपक साहू ने चंद्रु की दोनों बेटी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक बेटियों के लिए दोनों बहने प्रेरणा का स्रोत है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया प्रतिभा सम्मान का आयोजन




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा प्रधान कैफेटेरिया हजारीबाग में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ एस के सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान तथा सभा अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय रहे। मंच संचालन राजीव रंजन के द्वारा किया गया। जिसमें जिले के सभी वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं दिव्य प्रकाश, श्रेष्ठ अरुण, आयुष राज सिंह, प्रेयस प्रत्यूष, सौम्या पलक, प्रियांशी सिन्हा, जानवी आलोक ने 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीते हुए प्रतिभागी रजनी यादव, चाहत यादव, शोभा यादव एवं नेशनल बेसबॉल चैंपियन मानवी आलोक को उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। हजारीबाग के आदर्श सिन्हा जिन्होंने विश्व स्तर पर फ्रांस के पेरिस में अपने शोध अनुसंधान आर्टिकल में भारत को अपनी पहचान दिलाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था, उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में व्यवस्था प्रमुख डॉ प्रभात कुमार प्रधान, अनिल कुमार लाल, शशिकांत श्रीवास्तव, बप्पी करण और सक्रिय सदस्य के रूप में अंजनी सिन्हा, बैजनाथ लाल, नवल किशोर प्रसाद, ललित मोहन, अरविंद सिन्हा, राज प्रकाश, सुधा वर्मा, श्वेता विकास, प्रमोद कुमार सिन्हा, मदन लाल, शुभम प्रकाश, दीप प्रकाश, अनुज कुमार सिन्हा ने किया।

## पेंशनर के निधन पर जताया शोक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। पेंशनर समाज कोडरमा जिला के सदस्य स्वर्गीय रामनाथ पोद्दार की पत्नी उर्मिला देवी, झुमरीतिलैया निवासी का निधन शनिवार को अपने आवास पर हो गया। उनके निधन पर पेंशनर समाज ने गहरा शोक जताया है। शोक व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह, रामनरेश चौधरी, सुभाष शर्मा शामिल हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in
05

# 60 लाख के ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस को चकमा देकर मास्टरमाइंड हुआ फरार**

**माफियाओं की अकूत संपत्ति करेंगे जब्त: एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** नशे के कारोबार में लिप्त ब्राउन शुगर तस्करों के विरुद्ध चतरा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। करीब 60 लाख रुपये के अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से 286 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्करी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक माप तोल मशीन और विभिन्न कंपनियों के पांच मोबाइल फोन जब्त किया है। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ड्रग पेडलरों के द्वारा बड़े पैमाने पर अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम और सशस्त्र बल के जवानों की टीम बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इस छापामारी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के फुटबॉल मैदान के पास से गिद्धौर प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य और तेली टोला निवासी अभिमन्यु कुमार साव और प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियारा के नौकाडीह गांव निवासी नितेश कुमार उर्फ त्रिवेणी उर्फ वेणी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के दौरान गिरोह का मास्टरमाइंड मौके से भागने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि फरार तस्कर की पहचान कर ली गयी है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर सभी संभावित ठिकानों पर टीम लगातार दबिशश दे रही है। एसपी ने बताया कि अफीम तस्करी सिंडिकेट से जुड़े माफिया को चिन्हित कर लिया गया है। इस ग्रुप में शामिल बड़े माफिया दूसरे शहरों से अफीम और ब्राउन शुगर लाकर चतरा में तस्करों के बीच सप्लाई करते हैं। ऐसे माफियाओं को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की तैयारी है। उन्होंने बताया कि माफियाओं के तस्करी से अर्जित संपत्ति को पुलिस जब्त करने की तैयारी में है।

## श्री शनिदेव मंदिर जयनगर का वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर स्थित शनि देव मंदिर का 13वां वार्षिक उत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। यहां पर सुबह पूजा, आरती और हवन के बाद महा भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया जबकि इस अवसर पर शनि देव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजता रहा। पूजा में यजमान पुनित पाठक और उनकी पत्नी कविता पाठक पुजारी नरेश प्रसाद पाठक दिवाकर मिश्रा शामिल थे। वहीं शाम में भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। मौके पर विनोद पाठक, बासु अग्रवाल, बबलू पाठक, उमेश मालाकार, दीपू कुमार, रामकुमार अग्रवाल, अनिल राम, हर्षित पाठक, हिमांशु अग्रवाल, प्रिंस सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झाकोमयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष बने सोनाराम मांझी



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** रांची स्थित सीएमपीडीआइ रविन्द्र भवन में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का केंद्रीय महाधिवेशन सह आठवां सम्मेलन के दौरान उरीमारी क्षेत्र के विस्थापित नेता सह झामुमो केंद्रीय सदस्य पोटंगा पारगढ़ा निवासी सोनाराम मांझी को झाकोमयू का केंद्रीय कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सोनाराम के मनोनयन पर पूरे बरका सयाल क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मनोनयन पर श्री मांझी ने कहा कि यूनियन के तरफ से हमें जो जिम्मेवारी दी गयी है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निभाउंगा, और यूनियन की मजबूती पर पहली प्राथमिकता होगी। इनके मनोनयन पर सीसीएल अधिकारी, कर्मी, यूनियन के पदाधिकारी, श्रमिक नेता, और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा, क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया, विस्थापित नेता संजय करमाली, मोहन सोरेन, सूरज बेसरा, बहादुर मांझी, रुस्तम सोहराब, राजेश सिंह, अजित सिंह, गणेश गंझू, पिंटू गिरि, बिनोद हेंब्रम, पंकज हेंब्रम, रविन्द्र सोरेन सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## तेज बारिश से घर गिरा, बाल-बाल बचे लोग



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जांगी गांव में बीती रात को तेज बारिश से अलखो देवी का घर गिर गया। जिसके कारण घर में सो रहे परिवार के मनोज करमाली, धनंजय करमाली, मालती देवी और खुशी देवी बाल बाल बच गये। घटना के संबंध में बताया गया कि बीती रात को तेज बारिश शुरू हुई। तेज वारिश के कारण येस्बेस्टस का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। जिससे घर में सभी लोग दब गये। आसपास के लोगों ने सभी को बाहर निकाल। इस घटना से किसी को गंभीर चोट की खबर नहीं है। बताया गया कि अलखो देवी अत्यंत गरीब महिला है। वह किसी प्रकार मजदूरी कर अपना भरण पोषण करती है। घर गिर जाने से उनके समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। पीड़ित परिवार के लोगों ने विभाग के अधिकारियों से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**गोला (आजाद सिपाही)।** मुरी बड़काकाना रेल खंड के बरलंगा रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक का शव रेलवे पुलिस ने बरामद किया है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। संभावना जताया गया कि युवक किसी ट्रेन से गिर गया होगा या उतरने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस शव की पहचान के लिए प्रयास कर रही है।

## नयीसराय में लगा नया ट्रांसफार्मर सांसद प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नईसराय में पिछले दिनों 200 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इस कारण 50 से अधिक परिवार के यहां अंधेरा छा गया। इनवर्टर वगैरह बिजली के सभी सहायक उपकरण जवाब दे गये थे। इस कारण स्थानीय लोगों के साथ व्यवसायियों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी सूचना जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को दी गयी। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के तहत बिजली विभाग के रामगढ़ अधीक्षण अभियंता से संपर्क साधते हुए तत्काल 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया। जिसके बाद महज 36 घंटे में ही लोगों को बिजली मिलनी शुरू हो गयी। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन रविवार को जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व उनका जोरदार स्वागत छावनी परिषद रामगढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल की अगुवाई में बुके देकर और माला पहना कर हुआ। राजीव जायसवाल ने कहा कि आपके सुख – दुख में सदैव खड़ा हूं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुझे सूचित करें। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल अथवा खुद के प्रयास से हरसंभव सहयोग करूंगा। इस बीच स्थानीय लोगों ने एक – दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी जाहिर किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा जनता की सेवा हमारी प्राथमिकता है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, छावनी परिषद रामगढ़ के निवर्तमान उपाध्यक्ष सह कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, रोबिन गुप्ता, मो इम्तियाज, संतोष गुप्ता, मो सगीर, जिलानी अहमद, मो लड्डू, सोनू जायसवाल, राजा जायसवाल, मो सरताज, मो फैजान, मो तलहा आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के मन की बात के 123 वें संस्करण को भाजपाइयों ने सुना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 123वीं संस्करण रामगढ़ कैंट मंडल में रविवार को बूथ संख्या 46 रंजन फौजी की अध्यक्षता में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार का कुंदू बाबू, वरिष्ठ नेता डॉ संजय सिंह, जिला के उपाध्यक्ष रंजन फौजी, महेंद्र प्रजापति, जिला महामंत्री विजय जायसवाल, जिला मंत्री अनमोल सिंह रामगढ़ कैंट के मंडल के अध्यक्ष सूर्य श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ब्रजेश पाठक, महामंत्री ऋषिकेश सिंह, मंत्री अजीत गुप्ता, जगदीश शर्मा बूथ अध्यक्ष नीरज सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# रेलवे ने पूरी की चैंबर की मांग, हर्ष

**अपने पहले की समय पर होगी शक्तिपुंज ट्रेन का ठहराव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शक्ति कुंज एक्सप्रेस के समय परिवर्तन और राजधानी एक्सप्रेस को पुनः बरकाकाना होकर चलने की मांग पर की गयी कार्रवाई पर रामगढ़ चैंबर ने हर्ष व्यक्त किया है। पूर्व मध्य रेलवे ने पुराने समय पर ठहराव के लिए समय परिवर्तन और राजधानी एक्सप्रेस को पूर्व की भांति वाया बड़काकाना होकर चलाने की मांग पर अग्रतर कार्रवाई करते हुए धनबाद रेलवे मंडल द्वारा रेलवे के मुख्यालय को पत्राचार कर अवगत कराने और इस पर उचित कार्रवाई किये जाने को लेकर यहां के व्यापारियों और आम जनों में हर्ष है। चेंबर अध्यक्ष मनजीत साहनी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से रामगढ़ चेंबर के द्वारा शक्तिकुंज एक्सप्रेस जो पूर्व में 7 बजे रात्रि को बड़काकाना स्टेशन आती थी। लेकिन समय में परिवर्तन किये जाने से यहां के व्यापारियों और आम जनों को काफी परेशानी हो रही थी जिसको लेकर उक्त ट्रेन के समय में पूर्व की भांति किये जाने और राजधानी एक्सप्रेस जो वाया बरकाकना होकर पूर्व में दिल्ली जाती थी। उसको बंद किये जाने का विरोध करते हुए इसमें पूर्व की भांति बरकाकाना हो कर चलाने की मांग की गयी थी। जिसके आलोक में चेंबर द्वारा बराबर पत्राचार किया जा रहा था जिसको लेकर रेलवे विभाग को सांसद, मंत्री को भी चैंबर द्वारा पत्र दिया गया था, चेंबर के पत्र के आलोक में धनबाद मंडल द्वारा बड़काकाना स्टेशन पर शक्ति कुंज के समय परिवर्तन और राजधानी को पुणे बाय बड़काकाना चलाने की मांग को मुख्यालय तक दिये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। चेंबर अध्यक्ष ने यह भी मांग की है कि रांची से भाया बरकाकाना होकर दिल्ली जाने वाली गरीब रथ जो अभी सप्ताह में 3 दिन चलती है उसको सप्ताह में सातों दिन चलाया जाए साथ कोडरमा से हजारीबाग बरकाकाना होते हुए हावड़ा की नई ट्रेन भी दी जाये।

## दिल्ली जा रहे युवक की ट्रेन से गिरने से हुई मौत

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** थाना ग्राम करचैता निवासी रूपेश रविदास उम्र 22 वर्ष रोजगार के लिए दिल्ली जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत होने का मामला प्रकाश में है। रूपेश 27 जून को दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था जहां कोडरमा से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पर सवार होकर जा रहा था। उनके साथ दो चचेरा भाइ गुड्डू रविदास और चंदन रविदास को अपने साथ दिल्ली लेकर जा रहा था। परिजनों ने बताया कि जाने के क्रम में इलाहाबाद फतेहपुर स्टेशन के समीप बाथरूम जाने को लेकर सीट से उठकर गया। काफी देर हो जाने के बाद नहीं लौटने पर खोजबीन करने लगा तभी ट्रेन पर सवार गेट पर खड़े एक व्यक्ति ने बताया कि पीछे ही गिर गया है। इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने व्यक्ति को जब तक की खोज पाते व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सव को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के बाद परिजन को सुपुर्त कर दिया। वाहन से रविवार को सुबह शव को गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। स्थानीय मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। रूपेश दो भाइयों में बड़ा था जो घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था।

### ब्लू स्टोन के अवैध कारोबार के खिलाफ छापामारी

# दो वाहन और ब्लू स्टोन जब्त, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना पर कोडरमा थाना के गिरिडीह रोड स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के पास एक घर से 15 किलो कीमती ब्लू स्टोन और दो वाहन जब्त किये गये। पुलिस को सूचना थी कि राजीव सिंह उर्फ ललन सिंह, पिता सरजू सिंह ने अपने घर में सहयोगी के साथ मिलकर लोकाई के जंगल क्षेत्र से उत्खनित ब्लू स्टोन को राजस्थान भेजने का योजना बना रहे है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा क्षत्रिय धर्मशाला के समीप राजीव सिंह उर्फ ललन सिंह के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस के द्वारा एक अभियुक्त बंटी कुमार रजक (उम्र 25 वर्ष, पिता स्व कमल धोबी, सा लोचनपुर) को गिरफ्तार किया गया और ललन सिंह के घर में रखे करीब 15 किलो ग्राम ब्लू स्टोन, क्रेटा वाहन आरजे 45सीआर 2151 एवं होण्डा कार जेएच 07एच0050 की जांच करने पर दो डायरी, एक कॉपी और दो मोबाईल को जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुए कि ग्राम लोकाई के प्रतिबंधित जंगल क्षेत्र से उत्खनित अवैध ब्लू स्टोन के खरीद-बिक्री के संबंध में ललन सिंह और अन्य सहयोगी के साथ अपने घर में इकठ्ठा हुए थे। पुलिस को आता देख सभी अंधेरा का लाभ उठाकर वहां से फरार हो गये। बंटी कुमार ने बताया कि ललन सिंह उर्फ राजीव सिंह और सिकन्दर दास बरसोतियाबर के नेतृत्व में सभी लोगों के द्वारा अवैध उत्खनन कर ब्लू स्टोन को खरीद कर वाहनों से राजस्थान मे ले जाकर व्यापार किया जाता है। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या- 110/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है। छापामारी दल में पुनि विकास कुमार पासवान, पुनि हेमा कुमारी व सशस्त्र बल मैजूद थे।

## स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी वस्तुओं और भाषाओं का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** स्वदेशी जागरण मंच कोडरमा जिला इकाई के बैनर तले जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विदेशी वस्तुओं और विदेशी भाषाओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रमुख प्रदीप कुमार सुमन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। रैली के दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने विदेशी वस्तु त्याग कर शहर में स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। रैली में युवा प्रमुख सुधीर यादव, जिला सह प्रमुख सुभाष गुप्ता, महिला प्रमुख सुधारानी, शंकर बरनवाल, मनोज कुमार, राजेश वर्मा, नारायण सिंह, प्रदीप कुमार सुमन, सुषमा सुमन और अन्य शामिल हुए।

### 9 जुलाई को देशव्यापी आम मजदूर हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बैठक

# श्रम कोड मजदूरों की गुलामी का प्रतीक है: बैजनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** जिला ऐक्टू की बैठक पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर ऐक्टू के राज्य अध्यक्ष कामरेड बैजनाथ मिस्त्री ने संबोधित करते हुए कहा कि सितंबर 2020 में संसद में चार लेबर कोड के पारित होने के बावजूद आम हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों सहित देशव्यापी लगातार एकजुट होकर मजदूरों के आंदोलनों के कारण केंद्र सरकार अभी तक 4 साल से अधिक समय से 4 श्रम संहिताओं को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी नहीं कर पाया है । उन्होंने कहा कि ये श्रम कोड मजदूरों के गुलामी का प्रतीक है। काम के घंटे, ओवर टाइम साप्ताहिक विश्राम में कटौती, असंगठित मजदूरों का न्यूनतम मजदूरी, युनियन का अधिकार को पुरी तरह खत्म करने की साज़िश है। आगे ऐक्टू के जिला सचिव सह प्रदेश उपाध्यक्ष अमल घोषाल ने कहा कि पुरे राज्य में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले खास कर ठेका में काम करने वाले निर्माण मजदूरों की हालत बहुत ही दयनीय स्थिति में चला गया है। आज भी वेज कोड में न्यूनतम मजदूरी निर्धारित नहीं है। रामगढ़ शहर में दर्जनों मजदूर खास कर महिला मजदूरों को समान काम का समान वेतन लागू नहीं है। उन्हें दैनिक मजदूरी में सिर्फ 250/- से 300/ रूपए मिलते हैं। इसलिए आगामी 1 जुलाई से 7 जुलाई तक पुरे जिले में संदेश यात्रा निकाली जायेगी ऐक्टू के बैनर तले। 6-7 जुलाई को विशेष रूप से माइक प्रचार के साथ जिले के केदला क्षेत्र से आरा सारूवेड़ा ,तोपा, अरगड्डा , रामगढ़ से होते हुए बरकाकाना के केन्द्रीय सीसीएल वर्कशॉप में नुक्कड़ सभा करने का निर्णय लिया गया और 8 जुलाई को रामगढ़ शहर में मशाल जुलूस करते हुए 9 जुलाई को देशव्यापी आम मजदूरों को हड़ताल को सफल बनाने के लिए व्यापक भागीदारी रामगढ़ शहर में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस अवसर ऐक्टू के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड बैजनाथ मिस्त्री, जिला अध्यक्ष कामरेड महादेव मांझी, जिला सचिव सह प्रदेश उपाध्यक्ष अमल घोषाल,रामगढ़ भाकपा-माले के जिला सचिव हीरा गोप, छोटे महादेव मांझी रसका हेम्ब्रम, रूदल राय, सरयू बेदिया सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## किसानों को धान का बीज दिया गया



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख कमला देवी की उपस्थिति में खरीफ फसल का बीज वितरण किया गया। जिसमें 50 किसानों को धान का बीज दिया गया। प्रखंड क्षेत्र के कासीलांग पंचायत बोधाडीह में पहली बार किसानों को धान का बीज दिया गया। जिससे किसान काफी खुश हैं। इस मौके पर बीटीएम कुमार इंद्रजीत, और एटीएम जयंत कुमार ने किसानों को बताया कि बीज उत्तम गुणवत्ता की है। जिससे कम जगह में ज्यादा फसल की पैदावार मिलेगा। साथ ही अन्य प्रकार की भी जानकारी दिया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, कृषक मित्र महेश गंझू, दिलीप यादव उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने लगवाया ट्रांसफार्मर



**लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत हेडूम पंचायत के ग्राम सोस में एक वर्ष से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिकायत की गयी थी। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने नजर अंदाज करते हुए इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और ना ही पहल किया। थक हार कर ग्रामीणों ने विचार विमर्श कर इस पर अथक प्रयास किया और खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर रविवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि एक साल से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ था। अब नया ट्रांसफार्मर लग जाने से काफी राहत मिली है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** करमा उतरी पंचायत ग्राम हरवे में रविवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत प्रखंड सह अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही, विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कैंप में मुखिया, प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजकुमार साव, राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार, कृषि विभाग समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी, कर्मी व ग्रामीणों ने भाग लिया। साथ ही, शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, मनरेगा, जॉबकार्ड एवं दीदी बाड़ी योजना, पीएम किसान योजना और राशन कार्ड के लिए ग्रामीणों ने आवेदन जमा किया। इसके अलावा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य संबंधी जांच कर परामर्श भी दिया गया। इस अवसर कई ग्रामीण शामिल रहे।

## जगदेव की पुण्यतिथि आज और जलेश्वर का मनेगा शहादत दिवस कल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झामुमो मांडू प्रखंड समिति की अगुवाई में बूढ़ाखाप चौक, करमा फोरलेन में 30 जून को जगदेव महतो की 12वीं पुण्यतिथि और रतवे में 1 जुलाई को शहीद जलेश्वर महतो का 32वां शहादत दिवस मनायेगा। जिसको लेकर समिति द्वारा रंगरोगन कार्य की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस दौरान गठित निगरानी समिति के सदस्यों ने अपने-अपने पंचायत में बैठक और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दीवार लेखन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में झामुमो पूर्व प्रखंड सचिव सुरेशचंद्र पटेल, मुखिया खगेश्वर महतो, पूर्व उपाध्यक्ष मोहरलाल महतो, पूर्व कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो, मोगलचंद्र पटेल, अकल उरांव, रामेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, पुनीत करमाली, मो गुलजार, धनेश्वर महतो, घनश्याम महतो, दुलारचंद महतो, सुखदेव राम मुंडा, चंदन कुमार, सुमन महतो, बीरबल महतो जुटे है।

## बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कार्रवाई, वसूला गया 6.5 लाख जुर्माना

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल ने सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह मेगा टिकट जांच अभियान न सिर्फ दिन में बल्कि रात भर चला, जिससे कोडरमा समेत मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर टिकट रहित यात्रियों में हड़कंप मच गया। कोडरमा सहित धनबाद, गोमो, चन्द्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली जैसे प्रमुख स्टेशनों पर विशेष निगरानी के तहत यह चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग टीमों ने पूरी मुस्तैदी से यात्रियों के टिकटों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। जांच के दौरान कुल 1066 यात्री बिना टिकट, बिना उचित अनुमति या बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा करते पकड़े गए। इनसे कुल 6 लाख 42 हजार 465 रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गये। धनबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक और वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने बताया कि यह अभियान पूर्व नियोजित था और इसका उद्देश्य रेल यात्रियों को नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है। चेकिंग केवल स्टेशनों पर ही नहीं बल्कि मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी की गयी।


## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 2194 दिनांक 23.06.2025 के अनुसार, मै **दास अनीता अमोद चंद**, पति का नाम श्री धनंजय कुमार, उम्र लगभग 45 वर्ष निवास स्थान ग्राम धरमु पोस्ट ईचाक, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग राज्य झारखण्ड की निवासी शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि :- 1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ एवं उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे नाम से एक बचत खाता जो बैंक ऑफ इंडिया शाखा ईचाक मोड़ का है, जिसका खाता संख्या 493810110017475 है जिसमें मेरा नाम अनिता अमोद चंद (ANITA AMOD CHAND) अंकित है।
3. यह कि मेरे आधार संख्या 4941 3050 3453 एवं पैन कार्ड संख्या CJJPC0352H में मेरा नाम दास अनिता अमोद चंद (DAS ANITA AMOD CHAND) अंकित है।
4. यह कि दास अनिता अमोद चंद (DAS ANITA AMOD CHAND) एवं अनिता अमोद चंद (ANITA AMOD CHAND) दोनों नाम एक ही महिला का नाम है जो मेरा स्वयं का नाम है, मेरे उक्त दोनों नाम के बाबत भविष्य में किसी प्रकार का प्रश्न उठता है इसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।
5. यह कि मै यह शपथ पत्र अपने उक्त बचत खाता में अपना नाम आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज नाम के अनुसार करवाने हेतु दे रही हूँ।
6. यह कि उक्त कथन सत्य एवं सही है।

# मजबूत है भारत की अर्थव्यवस्था

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा मई 2025 में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही भारत की अर्थव्यवस्था ने भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद मजबूत और लचीला प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आर्थिक स्थिति स्थिर बनी हुई है और समग्र रूप से आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। समीक्षा में बताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के माहौल में भी मजबूती दिखाई है, जिसे घरेलू मांग में सुधार, मुद्रास्फीति में कमी, रोजगार की स्थिर स्थिति और निर्यात क्षेत्र की मजबूती का सहयोग मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-वे बिल, ईंधन की खपत और पीएमआइ सूचकांक जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी संकेतक इस बात की पुष्टि करते हैं कि आर्थिक गतिविधियां वित्त वर्ष 26 की शुरुआत में भी स्थिर रही हैं। ग्रामीण मांग में वृद्धि की वजह अच्छी रबी फसल और सकारात्मक मानसून पूवार्नुमान को बताया गया है। शहरी खपत को बढ़ती पर्यटन और व्यावसायिक यात्राओं से बल मिल रहा है, जो हवाई यात्रा और होटल बुकिंग में बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निर्माण सामग्री और वाहन बिक्री जैसे कुछ क्षेत्रों में मंदी के संकेत दिखे हैं। मई 2025 में खाद्य और खुदरा मुद्रास्फीति में सतत और व्यापक गिरावट दर्ज की गई, जिसका श्रेय कृषि उत्पादन में मजबूती और सरकारी हस्तक्षेपों को दिया गया। वैश्विक घटनाक्रमों के कारण 2025 की शुरुआत में व्यापार तनाव बढ़ा, जिससे वित्तीय बाजारों में अस्थिरता देखी गयी। हालांकि दूसरी तिमाही में कुछ हद तक स्थिति सामान्य हुई। इस दौरान भी भारतीय सरकारी बॉन्ड बाजार ने मई में स्थिरता और विश्वास बनाए रखा। इसकी प्रमुख वजह रही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रिकॉर्ड लाभांश की घोषणा और वित्त वर्ष 25 की अंतिम तिमाही की मजबूत वृद्धि। इस कारण सरकारी बॉन्ड पर जोखिम प्रीमियम घटकर 182 बेसिस पॉइंट रह गया। भारत के कुल निर्यात (माल और सेवाएं) में मई 2025 में 2.8% की सालाना वृद्धि दर्ज की गयी, जो वैश्विक आर्थिक मंदी और टैरिफ अस्थिरता के बावजूद निर्यात क्षेत्र की मजबूती दर्शाता है। 13 जून तक, देश का विदेशी मुद्रा भंडार $699 बिलियन पर बना रहा, जो 11.5 महीने के आयात को कवर करने में सक्षम है। भारतीय रुपया अन्य वैश्विक मुद्राओं की तुलना में मध्यम अस्थिरता के साथ स्थिर बना रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि श्रम बाजार भी स्थिरता की ओर बढ़ रहा है।

**समीक्षा में बताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के माहौल में भी मजबूती दिखाई है, जिसे घरेलू मांग में सुधार, मुद्रास्फीति में कमी, रोजगार की स्थिर स्थिति और निर्यात क्षेत्र की मजबूती का सहयोग मिला है।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**1793 ई0 की स्थायी बंदोबस्ती लागू होने के कारण संथालियों के आर्थिक ह्रास शुरू हुआ। 1855 का संथाली राजद्रोह अचानक नहीं हुआ। दशकों से विभिन्न गांवों के बाजार-हाट में लोग मिलते और शोषण के खिलाफ गुप्त मंत्रना करते। 1855 के शुरुआत में बीरभूम, बांकुरा और हजारीबाग से हजारों की संख्या में संथाली यहां आये, जिससे यहां के संथालियों को बल मिला। क्रांति की भूमि तैयार थी। बस एक चिंगारी की जरूरत थी। बरहैत से कुछ दूर दक्षिण स्थित भोगनाडीह में चार भाई - सिदो, कान्हू, चांद और भैरव ने शुरू कर दी।**

# हूल क्रांति : अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ 'बलिदान' देनेवाले वीरों की कहानी



डॉ मोहम्मद जाकिर




झारखंड में समय-समय पर अंग्रेजों, महाजनों, सूदखोरों, जमींदारों के खिलाफ विद्रोह होते रहे, जिनमें 1857 में भारत की स्वतंत्रता की प्रथम लड़ाई से पूर्व तिलका मांझी, वीर बुधू भगत और 1855 के संथाल में सिदो-कान्हू प्रमुख हैं। महान संथाल विद्रोह, जिसे संथाली भाषा में हूल कहते हैं, का एक सौ सतर साल हो गये।

संथाल विद्रोह के पीछे आदिवासी अपनी संस्कृति-परंपरा-जमीन की रक्षा, शोषण के विरुद्ध हथियार उठाने पर विवश हुए। संथाली जंगल काट कर नयी जोत बनाते, उसे हथिया लिया जाता. सूदखोर-साहूकार-महाजनों ने किसानों को अपने कर्ज के विषैले चक्र में फंस कर उन्हें बंधुआ मजदूर बना लेते। एक तो ब्याज का दर काफी अधिक होता, वहीं चक्रवृद्धि ब्याज लगा कर उनके जमीन हड़प लेते। रेलवे लाइन बिछाने वाले अंग्रेज कर्मचारी किसानों पर जुल्म करते। उनके मवेशियों और महिलाओं को भी जबरन उठा कर ले जाने लगे। ऐसी अमानवीय घटनाओं ने आग में घी डालने का काम किया। 1793 ई० की स्थायी बंदोबस्ती लागू होने के कारण संथालियों के आर्थिक ह्रास शुरू हुआ। 1855 का संथाली राजद्रोह अचानक नहीं हुआ। दशकों से विभिन्न गांवों के बाजार-हाट में लोग मिलते और शोषण के खिलाफ गुप्त मंत्रना करते। 1855 के शुरुआत में बीरभूम, बांकुरा और हजारीबाग से हजारों की संख्या में संथाली यहां आये, जिससे यहां के संथालियों को बल मिला। क्रांति की भूमि तैयार थी। बस एक चिंगारी की जरूरत थी। बरहैत से कुछ दूर दक्षिण स्थित भोगनाडीह में चार भाई - सिदो, कान्हू, चांद और भैरव ने शुरू कर दी। लोगों को बताया कि उन्हें ईश्वरीय दूत के दर्शन हुए हैं। उनसे दिव्य संदेश मिला है। तुरंत वहां एक देवस्थान निर्मित हुआ। मिट्टी की पिंडी बना कर उसे रथचक्र से विभूषित कर दिया गया। लोगों ने वहां चढ़ावा चढ़ाना शुरू कर दिया। शाल वृक्ष की टहनियां हर तरफ घुमा कर लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।

**अंग्रेजों के जुल्म के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को हर वर्ष 30 जून को हूल दिवस के रूप में याद करते हैं।**

30 जून 1855 की चांदनी रात में 10000 हजार संथाली भोगनाडीह में एकत्र हुए। सरकारी सत्ता को अस्वीकार कर घोषणा की उनकी नये देवता ने उन्हें राजस्व संग्रह कर सरकार को दे देने का निर्देश दिया है, जो प्रतिवर्ष भैंस के हल पर दो आना, बैल के हल पर एक आना तथा गाय के हल पर दो पैसे के हिसाब से हो तथा ऋण ब्याज की दरें प्रति रुपया एक पैसा के दर से दिये जायें। सिदो को सभा में राजा घोषित किया गया। कान्हू को मंत्री, चांद को प्रशासक और भैरव को सेनापति बनाया गया। 'अबुआ राज' (स्वशासन) की औपचारिक घोषणा की गयी। अंग्रेजी सरकार को मालगुजारी देना बंद हो गया। लोगों ने 'करो या मरो' की शपथ ली।

हूल क्रांति की शुरुआत हुई। करहरिया थाने के दारोगा प्रताप नारायण को लोगों ने मार डाला। भागलपुर के दंडाधिकारी एनई रिचार्डसन तथा श्री पोंटेंट ने, जो उस वक्त राजमहल में थे, भाग कर शाहशुजा के राजमहल तथा रेलवे इंजीनियर के आवास में शरण ली। घर घेर लिया गया। सैनिक आकर उनको बचाया। भागलपुर के आयुक्त सीएफ ब्राउन को 8 जुलाई को क्रांति की खबर मिली। वे आदेश जारी किया कि पूरी ताकत से विद्रोह दमन किया जाये। मेजर एफडब्ल्यू ब्यूरो की अध्यक्षता में 10 जुलाई को रवाना सैन्य दल रवाना हुआ, जिसमें मुख्यतः पहाड़ी घुड़सवार थे। लड़ाई में संथाली लोग भाला, तीर, धनुष और फरसा के बल पर उनको पराजित करने में सफल हुए।

विभिन्न स्थानों में विद्रोह फूट पड़ा। पाकुड़ और उसके आसपास के गांवों में लूटपाट किया गया। महाजन और अत्याचारी जमींदार संथाली क्रोध के निशाना बनाये गये। कई जगहों पर भिड़ंत हुई। कई संथाली गिरफ्तार और मारे गये। 11 जुलाई को विरहामपुर से दंडाधिकारी टूगूड की अध्यक्षता में 7वीं राष्ट्रीय पैदल-सेना की टुकड़ी रवाना हुई। यह टुकड़ी संथालियों का पीछा करती रही। महेशपुर में 15 जुलाई को विद्रोहियों से सामना हुआ। इस संघर्ष में सिदो, कान्हू और भैरव को गोली लगी। करीब 200 संथाली घायल हुए। कई की जान गयी। 7वीं रेजिमेंट नेटिव इन्फन्ट्री की दूसरी दुकड़ी ने पाकुड़ से पश्चिम तराई नदी के किनारे 3000 संथालियों को हराया। उधर टूगुड के अध्यक्षता वाली सेना ने रघुनाथपुर में संथालियों को मात दी। कई युद्धों में अंग्रेज हारे। विद्रोहियों की छापामारी शैली को रोकने में नाकामयाब रहे। अंततः 10 नवंबर 1855 को अंग्रेजों ने पूरे क्षेत्र में मार्शल लॉ लगा दिया। अंग्रेजों ने कलकत्ते और दूसरी जगहों से फौज बुलायी, स्थानीय राजाओं और जमींदारों से सैनिक सहायता लिया। कई महीनों तक ब्रिटिश शासन से उनका युद्ध चलता रहा। हजारों की लोग शहीद हुए। बस्तियां उजाड़ दी गयी, जला कर राख में तब्दील कर दिया गया, भोगनाडीह नहीं बचा। धीरे-धीरे विद्रोह को कुचल डाला।

किसी ने भी आत्मसमर्पण नहीं किया। इस क्रांति में 30,000 से अधिक लोग शहीद हुए, हजारों क्रांतिकारी को बंदी बनाकर जेल में डाल, लंबी सजाएं दिया गया। इस विद्रोह में चारों भाई-सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, पिता चुनू मुर्मू, और दोनों बहनों - फूलो और झानो शहीद हो हुए। ब्रिटिश शासन ने विद्रोह का बर्बरता से दमन किया। विद्रोह से पहले संथालों के इलाके को दामन-ए-कोह कहा जाता था। विद्रोह को कुचलने के बाद इस इलाके को ब्रिटिश शासन ने नया जिला संथाल परगना बनाया। साहूकारों और महाजनों के शोषण से उनकी जमीन की सुरक्षा के लिए संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम के तहत गैर-आदिवासियों द्वारा आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री पर पाबंदी लगा दी। हूल विद्रोह के कारण ही संथाल परगना जिला और संथाल काश्तकारी अधिनियम बना। अंग्रेजों के जुल्म के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को हर वर्ष 30 जून को हूल दिवस के रूप में याद करते हैं।

**शहीदों के मजारों पर लगेंगे
हर बरस मेले।
वतन पे मरने वालों की यही
बाकी निशां होगा।।**

## कोल्हान की खबरें

# लगातार बारिश के बीच मां तेतुला घोरा की पूजा में उमड़े हजारों श्रद्धालु, सुख-समृद्धि की मांगी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत भिलाई पहाड़ी निवासी पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता के नेतृत में सैकड़ो वर्सो से पूवजो के बताये रास्ते पर मां तेतुला घोरा की भव्य पूजा का आयोजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। रविवार को भारी बारिश के बीच पारंपरिक पूजा में झारंखण्ड बंगाल उड़ीसा सहित प्रखंड के पांच पंचायतों से हजारों हजार महिला, पुरुष और बच्चे परिवार सहित शामिल हुए। श्रद्धालु गांव से लगभग चार किलोमीटर उंचाई स्थित मंदिर तक तीन पहाड़ पार कर पहुंचे और मां तेतुला घोरा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। पहाड़ी मां के पूजा में जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठी। श्रद्धा और विश्वास के झलक श्रद्धालु के बीच देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ मां की पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बली चढ़ाई। सभी ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए मां से आशीर्वाद मांगा। पहाड़ी मां की पूजा के दौरान जिला पार्षद पार्वती दत्ता और झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता के पूरी टीम ने हजारों श्रद्धालुओं के बीच मसालेदार चना,खीर,पूरी,सूजी का हलुआ और शरबत प्रसाद के तोर पर वितरण किया। मौके पर सभी समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया और मां के दरबार में अपनी अर्जी लगायी। मौके पर पहाड़ी मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठी। श्रद्धा और विश्वास का यह पर्व देर शाम तक चलता रहा। पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से मां तेतुला घोरा की पूजा में सेवा भाव से शामिल होते आ रहे हैं। उन्होंने कहा हर वर्ष पांच झारखण्ड बंगाल और उड़ीसा से श्रद्धालु परिवार सहित पूजा में भाग लेते हैं। पूजा के दिन गांव में भव्य मेला का आयोजन होता है। दिनभर ग्रामीण हर तरह के खाने-पीने के स्टॉल का आनंद उठाते हैं। टेंट लगाकर हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करने से मन को शांति और मां का आशीर्वाद मिलता है। श्री दत्ता ने मां से पूरे क्षेत्र में सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। मां तेतुला घोरा पूजा में मुखिया शशि भूषण सिंह का भी विशेष योगदान रहा है।

# जनकल्याण मोर्चा ने सड़क मरम्मत करवाने और स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** जिला सिविल कोर्ट सरायकेला से अनुमंडल सिविल कोर्ट चांडिल जाने की सड़क अत्यंत जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। जर्जर एवं टूट फूट हालत होने के कारण सरायकेला से चांडिल अनुमंडल कोर्ट जाने में आम नागरिकों को कई सारे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में हजारों गड्ढे में पानी भरने से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। विदित हो कि कांड्रा-सरायकेला सड़क जर्जर एवं कोलावीरा स्थित रेलवे टनल में लाइट नहीं रहने के कारण कई सारे राहगीर एवं स्थानीय नागरिक सड़क दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। सामाजिक संगठन जन कल्याण मोर्चा ने 6 अक्टूबर 2023 को सरायकेला उपयुक्त को पत्र देकर समस्याओं से अवगत कराया था। तत्कालीन उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर जेआरडीसीएल के विरुद्ध आईपीसी की धारा 133 के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी सरायकेला के न्यायालय में केस संख्या 260 / 2023 चल रहा है जो अभी तक लंबित है, जब भी इस की शिकायत होती है तो सड़क पर थूक पुलिस कर तत्काल किसी तरह ठीक कर दिया जाता है।

# शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य के लिए झामुमो नेताओं ने की विशेष पूजा-अर्चना




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के जनक सह पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से प्राथना की। रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली की ओर से साकची स्थित पुराने कोर्ट परिसर के कचहरी बाबा शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गयी। झामुमो नेताओ ने बताया गुरुजी पिछले कई दिनों से अस्वस्थ हैं और दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। नेताओं ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के पुरोधा रहे हैं। पूरे राज्य के लोग उनके दीघार्यु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए भगवान से कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, झारखंड आंदोलनकारी अजय रजक, खुद्दू उरांव, अरुण प्रसाद, मोहम्मद सामड, हरदेव सिंह, मिंटू धर चौधरी, नंदलाल लोहार, संदीप चक्रवर्ती, चंदन लाल, चंदन महतो, पिंटू लाल और शेख सफरुद्दीन समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरायकेला में पारंपरिक रथ मेला का शुभारंभ



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला में पारंपरिक रथ मेला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक दशरथ गागराई, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव एवं झामुमो नेता गणेश महाली उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने मेले का उद्घाटन फिता काट कर किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक दशरथ गगराई ने कहा कि कला संस्कृति की संरक्षण करना सरकार का दायित्व है, सरकार अपना दायित्व निभा रही है इसमें आम लोग अपनी सहभागिता दें। उन्होंने कहा कि मेला को संरक्षण देने एवं सफल बनाने में श्री जगन्नाथ मेला समिति द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसके संचालक एवं समिति के सदस्यों को धन्यवाद। कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ मेला कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, छोटेलाल साहू, गोविंद साहू, मनोज, सुदीप, विकास चौधरी एवं अन्य उपस्थित रहे। यह मेला 10 जुलाई तक रहेगी। इस दौरान विभिन्न प्रकार के झूले एवं मीना बाजार लगा रहेगा।

# स्पंज आयरन प्लांट का ग्रामीणों ने किया विरोध




आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** चांडिल प्रखंड के पालगम स्थित प्रथामिक विद्यालय परिसर में पालगम धुनाबुरु में स्पंज आयरन कंपनी खोलने को लेकर पर्यावरण स्वीकृति को लेकर जनसुनवाई का आयोजन किया था, जिसमें ग्रामीण शामिल नहीं हुए। धुनाबुरु पंचायत के ग्रामीणों ने पालगम मोड़ पर ही आयरन स्पंज कंपनी खोलने के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जनसुनवाई में ग्रामीण उपस्थित नहीं होने पर कार्यक्रम स्थगित किया गया। पालगम धुनाबुरु में स्पंज आयरन कंपनी खोलने को लेकर धुनाबुरु पंचायत के ग्रामीण नाराज है। जनसुनवाई में ग्रामीण शामिल नहीं हुए।ग्रामीणों ने बताया कि पालगम धुनाबुरु स्थित बंद पड़े डिजाईन विद्युत लिमिटेड में स्पंज आयरन कंपनी खोलने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया था,जिसका धुनाबुरु पंचायत के पालगम, छतरडीह, धुनाबुरु, सोनालटांड़, रायडीह, बालीडीह, तुलग्राम, बानसा आदि गांवों के लोगों ने जोरदार विरोध किया। जिसमें गांव के बीचो बीच स्पंज आयरन कंपनी खोलने जा रहा है,इसके चारो तरफ गांव है। जनसंख्या लगभग 5 हजार से अधिक होगा। कंपनी खोलने से इस क्षेत्र में खेती-बाड़ी का असर पड़ेगा। स्पंज आयरन कंपनी खोलने से यहां जमीन पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा।

# सरायकेला पुलिस ने जंगली पहाड़ी क्षेत्र मे चलाया सर्च अभियान, गोली-बारूद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला पुलिस ने नक्सली अभियान के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है बीते 28 जून को गुप्त सूचना के आधार पर नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा खरसावां थाना अंतर्गत ग्राम राजियामा स्थित गोबरटोला पहाड़ी क्षेत्र में गोला बारूद छुपा कर सुरक्षा बलों के विरुद्ध उनका अभियान रोकने तथा लक्षित कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से रखा गया था। जहां पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर खरसावां थाना प्रभारी के नेतृत्व में खरसावां थाना सेट 1 के रिपु 60 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल गठन कर खरसावां थाना क्षेत्र के गोबरटोला पहाड़ एवं उसके आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान संयुक्त अभियान दल द्वारा खरसावाँ थाना क्षेत्र के ग्राम रायजामा के गोबरगोटा पहाड़ पर गुफा में नक्सलियों द्वारा पूर्व में डम्प किये गये वाइट पाउडर एक्सपलोसिव 5 किलो ग्राम, 3 किलो ग्राम का केन आइइडॉ 5 पौस, 1 किग्रा केन आइइडी 14 पीस, 500 ग्रा केन आइइडी 9 पीस, 100 ग्रा केन आइइडी 1 पीस, कुल 29 पीस केन बम, कमर्शियल कोरडैक्स वायर 09 बंडल (प्रत्येक बंडल लगभग 100 मीटर लम्बा), इलेक्ट्रीक डेटोनेटर 500 पीस, नेप्योलीन गोली 01 कि0ग्रा0, इलेक्ट्रीक वायर सिरिंज 66 पीस बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के शिविर में 340 यूनिट रक्त संग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की ओर से सहयोगी संस्थाओं के साथ जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रविवार को शिविर का उद्घाटन सांसद विद्युत महतो ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी की अपील की।शिविर में पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 340 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर विकास गुप्ता, अनिल अग्रवाल, मुकेश मित्तल, विनीता शाह, सुनीता भगत, ऋषि गुप्ता समेत कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# छोटा तालसा में हूल दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम के गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड के छोटा तालसा गांव में हूल दिवस के मौके पर भारी बारिश के बीच 24 टीमों ने फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। सोरेन सिपाही टीम ने पहला, कला झरना ने दूसरा और सोपोडेरा क्लब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दुर्गा हेंब्रम बेस्ट खिलाड़ी और भूटका टुडू बेस्ट स्कोरर बने। मुख्य अतिथि मुखिया कान्हू मुर्मू समेत कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सिद्धू-कान्हू मुर्मू की पूजा, सांस्कृतिक नृत्य और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित कर हूल दिवस की ऐतिहासिक विरासत को याद किया गया।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में मुहर्रम अखाड़ों के साथ हुई परिचर्चा, एसडीएम ने कहा

# डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

**मुहर्रम अखाड़ों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा : एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रविवार को सदर एसडीएम संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के विशेष सत्र का आयोजन किया गया। बैठक में मुहर्रम अखाड़ों, इंतजामियां कमेटियों के पदाधिकारी एवं सदस्य लोग शामिल हुए। यह संवादात्मक बैठक आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सद्भाव के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित की गयी। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, अखाड़ा कमेटियों के पदाधिकारी, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटियों के सदस्य उपस्थित थे।

**डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा :** संजय कुमार ने डीजे पर प्रतिबंध के न्यायालयी निर्णय के बारे में सभी को दोहराया एवं बताया कि डीजे बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में विधिक कार्रवाई की जायेगी।

इस पर मुखिया शरीफ अंसारी, संरक्षक सिराज खान, अंजुमन शान ए वतन वतन की अध्यक्ष तबीब आलम तबीब आदि ने एसडीएम के सुझाव का पूर्ण समर्थन किया और अंत में सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की वकालत की। इसके अलावा जुलूस के रूट, ऊंचाई और समय से संबंधित सरकारी दिशानिर्देश आदि पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

मौके पर मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर असरुद्दीन खान, पूर्व सदर मासूम खान, महफूज कुरैशी, तनवीर आलम, मोहम्मद अतहर, इस्तेखार अंसारी, अलीजमा अंसारी, शाहबाज खान, नीलू खान, वाहिद अंसारी, वसीम खान, एजाज अंसारी, फुजैल अहमद आदि ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके अलावा दाता कमेटी के अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने भी प्रस्तावित उर्स को लेकर कई सुझाव दिए जिन पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया को सावधानी से प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में नियंत्रण कक्ष या साइबर सेल की सहायता ली जा सकती है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा :** एसडीओ एवं एसडीपीओ ने आयोजन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक संचालन, विधि व्यवस्था आदि सुदृढ़ रखने का भरोसा दिलाया। आयोजकों से भी अपील की गयी की यदि संभव हो तो वे ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी की मदद से स्वयं भी निगरानी रखें। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने भीड़ भाड़े वाले आयोजनों में अपने स्तर से भी अग्निशमन यंत्रों को रखने का सुझाव दिया।

**हर तरह के प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन :** एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि सदस्यों की ओर से आये सभी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आयोजन समितियां मिलकर एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण पर्व का आयोजन सुनिश्चित करेंगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया और यह संदेश दिया गया कि मुहर्रम एक धार्मिक पर्व है जिसे परंपरा, श्रद्धा और अनुशासन के साथ पूरे सद्भाव के माहौल में मनायेंगे।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत



मृतक आकाश कुमार राम का फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊंचरी निवासी उदय राम के 18 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार राम की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आकाश कुमार को तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।वहीं स्थानीय प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहीं।

## टेंपो की आपस में टक्कर, एक की मौत, तीन घायल



मृत बच्चे को लिए मां।

रंका। रंका के बादू बाजार की ओर से खुथुआ मोड़ रंका की ओर आ रही एक टेंपो को दुसरे ऑटो को ओवरटेक करने में टक्कर हो गयी, इससे एक टेंपो सड़क के किनारे पलट गयी। जिससे चुतरू पंचायत निवासी दिनेश भुईयां के एक साल का पुत्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में नुरशाद अंसारी (35 वर्ष) पिता वली अंसारी, कइल मांझी 60 वर्ष एवं वतबुदारी देवी 65 वर्ष का नाम शामिल है। इन्हें रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस घटना में कांग्रेस नेता मेराज अंसारी ने घायलों की सहयोग में सराहनीय भूमिका निभायी।

# भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

आंखों में नये सपने और दिलों में आत्मनिर्भरता का हौसला है

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थकों ने 29 जून को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित किया जानेवाला मन की बात को तन्मयता के साथ सुनी। साथ ही विकासशील भारत में लोगों की आत्मनिर्भरता से संबंधित विभिन्न पहलुओं से प्रेरणा ली। साथ ही इसे घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शहर के चिनिया रोड स्थित आरपी नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने की व्यवस्था की गयी थी। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी सहित भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और अन्य लोगों ने आरपी कॉलेज के सभागार में मन की बात सुनने के लिए एकत्र हुए थे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण प्रेरणादायक हैं। शारीरिक, मानसिक विकास के साथ देश के आर्थिक विकास के संबंध में दिये गये भाषण को हम सभी को सुनना चाहिए। साथ ही लोगों को दृढ़ निश्चय शक्ति के साथ संकल्पित होकर अपने जीवन की दशा में यथोचित सुधार के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। आंखों में नये सपने और दिलों में आत्मनिर्भरता का भाव उत्पन्न करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नागरिकों से प्रत्येक माह सीधा संवाद करते हैं।

पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमारे देश भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। हमारे देश के लिए यह बहुत ही खुशी की बात है। बोडोलैंड में 3700 से ज्यादा टीम, 70 हजार खिलाड़ी, इनमें बड़ी संख्या में लड़कियों की भागीदारी, स्पोर्ट मैप में बोडोलैंड की चमक, भारत के बिस्किट की विदेशों में मांग सहित विभिन्न प्रकार की नयी जानकारी हमें पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने से मिलती है।

भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने की व्यवस्था की जाती है । उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पीएम के इस कार्यक्रम को सुनकर स्वयं और अपने जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की। डॉक्टर केशरी ने कहा कि मन की बात से आपसी प्रेम, भाईचारा और मन शुद्धि के लिए अपने राज्य अथवा देश के तीर्थ स्थलों की आध्यात्मिक यात्रा, मेघालय की एरि सिल्क जो सर्दी में गरम और गर्मी में ठंडक देता है सहित कई उपयोगी जानकारी मिलती है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष के अलावा जिला कार्यालय मंत्री विनय चंद्रवंशी, ब्रजेंद्र पाठक, जितेंद्र, चंद्रमोहन, उमेश कश्यप, विनोद चंद्रवंशी, अब्दुल मन्नान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए मजार पर की गयी चादरपोशी, मांगी दुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** झारखंड के महानायक पूर्व मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ हेतु झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में रविवार को हजरत बाबा तक्कूशाह दाता रहमतुल्लाह अलैहे के मजार पर चादरपोशी किया गया और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दुआ मांगी गयी। इस मौके पर रौशन पाठक, अहमद अली अंसारी, कार्तिक पांडेय, मो सलिम, परवेज, अलिम, मुमताज, आफताब, शाह मोहम्मद, तबरेज, हैदर, सद्दाम, आक्किमुद्दीन, अबरार सहित अंजुमन कमेटी और झामुमो कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु के स्वास्थ्य लाभ के लिए गिरजाघर में मिस्सा पूजा का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले महानायक पूर्व मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के अगुआई में रविवार को विश्रामपुर गिरजाघर में फादर नोबर्ट और श्रील कुजूर के द्वारा विशेष मिसा पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रभू ईशू मसिह से दुआ मांगी गयी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के ज्योति लकड़ा, जगदीश टोप्पो, त्योफिल लकड़ा, नौशाद राय, मंजर अंसारी, धीरज कुमार, सुशील एक्का, अमृता मिंज, शेलिन एक्का, दिलीप मिंज, सुदेश्वर कुजूर, कृपा सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत, चार घायल

मेराल (आजाद सिपाही)। डंडई मुख्य पथ पर हारादाग मोड़ के पास रविवार की शाम करीब 7 बजे दो बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार घटना में हारादाग कला गांव निवासी मानदेव चौधरी का 27 वर्षीय पुत्र विकास चौधरी तथा रेजो गांव के दुनुखाड निवासी रोशन चौधरी पिता आशीष चौधरी 17 वर्ष की मौत हो गयी। जबकि रामचंद्र चौधरी एवं आशीष चौधरी गंभीर रूप से घायल होगा जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आसपास के लोगों द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल लाया गया, जहां डॉ मृंगकेश मृदुल ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार रोशन चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि आशीष चौधरी पिता विनय चौधरी एवं नीरज चौधरी तथा हीरामन चौधरी को भी गंभीर चोट लगी है। हीरामन चौधरी मसरा गांव का रहने वाला है वह अपने मामा के घर आया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन

भंडरिया (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में लगातार एक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रखंड अंतर्गत भंडरिया के सभी पंचायतों में कोरवा परहिया किसानों के साथ-साथ अन्य किसानों के हित में धान बीज मक्का मडुआ अरहर का बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह जनेवा पंचायत के मुखिया प्रवनता देबी के द्वारा कुल तीन से चार सौ किसानों के बीच प्रति किसान को तीन से चार किलोग्राम उन्नत किस्म का धान बीज वितरित किया गया। कृषि विभाग के बीटीएम शशिकांत शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए तत्पर है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे उन्नत तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करें। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की सासंद प्रतिनिधि रुपनिरंजन सिन्हा, कांग्रेस नेता निर्मल ठाकुर उपमुखिया रविंद्र सिंह, झामुमो नेता रविशंकर कश्यप, किसान मित्र अवधेश उपाध्याय, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर सगमा और धुरकी प्रखंड के सभी समुदाय के प्रबुद्धजनों और पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधी एवं ताजिया अखाड़ा रखने वाले लाइसेंस धारियों के साथ रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दोनों प्रखंड के सीओ जुल्फिकार अंसारी पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। इस बैठक अंचल अधिकारी ने कहा की मुहर्रम सहादत के तौर पर मनाया जाता है, वहीं इस दौरान पुलिस प्रशासन भी सुरक्षाबलों के साथ तैनात रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जो गाइडलाइंस तय किया है उसी मुताबिक शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का जुलुस निकालें। इस दौरान कांग्रेस नेता मोबीन अंसारी, भाजपा नेता दामोदर जायसवाल, सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी, सगुनी राम विधायक प्रतिनिधी लक्षमण यादव, बीडीसी प्रतिनिधी कमलेश सिंह गोड़, झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष शैलेश यादव, कुदुस अंसारी, रामभरोसा राम, इश्हाक, हाजी सदर जानमोहम्मद अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सोहगड़ा गांव में घर के अंदर गड़ा 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल, दुर्घटना की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के रानाडीह पंचायत अंतर्गत सोहगड़ा गांव में एक खतरनाक स्थिति सामने आयी है, जहां एक ग्रामीण के घर और आंगन के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज तार गुजर रहा है। यह तार एक बिजली के पोल के सहारे घर के अंदर से ही होकर जाता है, जिससे हमेशा किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मामला गांव निवासी मुंद्रिका राम के घर का है। उनके अनुसार, यह बिजली पोल लगभग 40 वर्ष पूर्व विभाग द्वारा गाड़ा गया था, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हाई वोल्टेज तार भी काफी नीचे झुक गया है। मुंद्रिका राम ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को उन्होंने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को लिखित आवेदन देकर पोल हटाने की गुहार लगायी थी। लेकिन 18 महीनों के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि बिजली के तार कई बार टूटकर गिर चुके हैं, लेकिन सौभाग्यवश अब तक किसी की जान नहीं गयी। बावजूद इसके विभागीय लापरवाही जारी है। उन्होंने रांची स्थित बिजली विभाग के हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रावधान के अनुसार 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल और तार आबादी क्षेत्र से दूर होना चाहिए, लेकिन सोहगड़ा गांव में यह कई घरों के ऊपर से गुजर रहा है। यही स्थिति प्रखंड के अन्य गांवों और टोलों में भी देखने को मिल रही है।

# बारिश में खपरैल का कच्चा मकान ध्वस्त

पीड़ित परिवार संग तिरपाल के सहारे रात गुजारने को विवश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के ढ़ेकुलिया में बारिश में गरीब अजीत ठाकुर का खपरैल का कच्चा मकान का खपड़ा बांस टूट कर गिर गया। मकान गिरने से घर में रखा हुआ राशन और अन्य सामान मलबे के नीचे दब गया। फिलहाल वह घर के आंगन में प्लास्टिक का तिरपाल बनाकर उसके नीचे पत्नी और छोटे छोटे बच्चों के साथ रात गुजारने को विवश है। दो कमरों के कच्चे मकान में अजीत ठाकुर अपने पूरे परिवार के साथ रह रहा था, जो बारिश के कारण एक कमरा तो पूरी तरह जर्जर हो गया है। इसमें सोना बैठना तो दूर अंदर घुसना खतरे से खाली नहीं है। वहीं दूसरा कमरा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मालूम हो कि मजदूरी करने वाले अजीत किसी तरह दो जून की रोटी व्यवस्था कर पाता है। घर क्षतिग्रस्त होने से पूरे परिवार बरसात में बेघर हो गया है। अब अजीत को चिंता सताने लगा है, कि उसकी इतनी आमदनी नहीं है, कि वह अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बना सके। उसने बताया कि गरीबों के लिए राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की सूची में उसकी पत्नी रेखा देवी का नाम अंकित है, लेकिन किसी कारणवश उसे आज तक अबुआ आवास नहीं मिल पाया है। इस संबंध में बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद उसे हर संभव मदद किया जायेगा।

# हाइ स्कूल और इंटर के टॉपरों को किया गया सम्मानित



**मुखिया द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, दीवाल घड़ी तथा नगद राशि देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** ज्ञान गंगा शिक्षण संस्थान हासनदाग में आयोजित सम्मान समारोह में मुखिया फुलमंती देवी द्वारा जैक बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायत के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, दीवाल घड़ी तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में गढ़वा जिला इंटर कॉमर्स में 83% अंक लाकर जिला सेकेंड टॉपर रोहित कुमार चौधरी, मैट्रिक परीक्षा में 342 अंक लाने वाली रंजीत चौधरी तथा पूजा कुमारी, रिमझिम कुमारी, अरुण चौधरी, राकेश कुमार, प्रियांशु कुमार सहित 20 छात्र-छात्राओं को मुखिया फुलमंती देवी पति हरेंद्र चौधरी के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक शिवदत्त चौधरी, उपेंद्र चौबे, कमलेश चौधरी, संतोष चौधरी आदि द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने कहा कि मुखिया फुलमंती देवी द्वारा पंचायत के छात्र-छात्राओं को मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह से छात्र-छात्राओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिस्पर्धा होती है। उन्होंने कहा कि मुखिया फुलमंती देवी द्वारा वैसे छात्र-छात्राएं जो आर्थिक रूप से कमजोर है उन्हें जरूरत पड़ने पर यथा संभव मदद किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवदत्त चौधरी, संतोष चौधरी, अभिनव चौबे आदि ने अहम भूमिका निभाया।

## कांडी में मेधावी छात्रों के सम्मान में 'उत्कृष्टता का उत्सव', एक जुलाई को होगा आयोजन



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गनाइज्जेशन के तत्वावधान में आगामी 1 जुलाई (मंगलवार) को मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। संस्था के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने बताया कि यह समारोह 'उत्कृष्टता का उत्सव झ्र प्रगति की ओर कदम' के नाम से आयोजित होगा। यह कार्यक्रम जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू रेंज के आईजी सुनील भास्कर उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीएम संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा, तथा ऑक्सब्रिज स्टार इंस्टिट्यूट, मेदिनीनगर के निदेशक एवं शिक्षक राहुल चतुर्वेदी मौजूद रहेंगे। संस्था की ओर से क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गयी है।

# झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष बने विकास रंजन, हर्ष का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सेल से सेवानिवृत कर्मी वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र सीए विकास रंजन सहाय को आईसीसी वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति, झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बताते दें कि सीए विकास रंजन सहाय भवनाथपुर स्थित माइंस हाई स्कूल से दसवीं की पढ़ाई की थी। इंटर सेल डीएवी स्कूल भवनाथपुर से पूरा किया। इसके बाद ग्रेजुएशन की पढ़ाई इग्नू से पूरा किया। सीए पटना से किया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (आईसीसी) झारखंड राज्य परिषद ने यह घोषणा की है, कि सीए विकास रंजन सहाय को वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समय पर की गयी है, जब झारखंड में नयी सरकार बनी है और राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास को गति देने की योजना बनाई जा रही है। वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति राज्य की वृद्धि क्षमता को अनलॉक करने वाले वित्तीय सुधारों, पारदर्शी कराधान, और उद्यम-हितैषी नीतियों के माध्यम से नेतृत्व प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। आईसीसी झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष डॉ अमृतांशु प्रसाद हैं, जो उद्योग के एक अनुभवी व्यक्ति हैं, और दशकों का अनुभव रखते हैं। उनके नेतृत्व में परिषद राज्य भर में आर्थिक परिवर्तन, औद्योगिक प्रगति, और निवेश सुविधा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी। विकास रंजन सहाय को अध्यक्ष बनाये जाने पर डीएवी प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, सेल से सेवानिवृत शिक्षक आरएन द्विवेदी, आर एन त्रिपाठी,रमेश तिवारी, मुकेश शुक्ला, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, गणेश सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## राहुल गंजू को कोर्ट में पेश करे पुलिस : संगठन

**रांची (आजाद सिपाही)।** टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य राहुल गंजू को 24 घंटा के अंदर कोर्ट में पुलिस पेश करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसका खामियाजा उठाना पड़ सकता है। लातेहार छात्र और हजारीबाग में हो रहे विकास कार्यों को आज के हवाले कर दिया जायेगा। ऐसा दवा संगठन के पूर्वी क्षेत्र के सब जोनर कमांडर कौशल जी ने एक प्रेस रिलीज जारी कर किया है। संगठन के विज्ञप्ति में कहा गया है कि राहुल गंजू के साथ एक अन्य ग्रामीण को 5 दिन पहले पुलिस पकड़ ली थी। जिस ग्रामीण को पकड़ा गया है उसका संगठन से कोई लेना-देना नहीं है। राहुल गंजू को भी पुलिस टॉर्चर कर रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है की 24 घंटा के अंदर राहुल को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाये।



# मसमानो में पैसे के लेन-देन को लेकर छोटे भाई को कुदाल से काटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शनिवार की देर शाम बड़े भाई ने छोटे भाई को टांगी से काटकर मार डाला। घटना के बाद हत्यारा भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने आरोपित की तलाश कर तत्काल गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी अंगा उरांव के पुत्र बसंत उरांव (32 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बसंत उरांव और उसके बड़े भाई कलेश्वर उरांव उर्फ डांगू उरांव के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर एक माह पूर्व भी कहा सुनी हुई थी। इनके बीच कई बार पैसों को लेकर विवाद हो चुका था। इसके बाद शनिवार की शाम कलेश्वर उरांव ने नशे की हालत में अपने छोटे भाई बसंत उरांव को कुदाल से गले में वार कर हत्या कर दी। घटना भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानों पंचायत भवन के पास की है। इधर भंडरा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।





आरोपी कलेश्वर उरांव और हत्या में प्रयुक्त की गयी टांगी।

### रांची से फॉरेंसिक टीम मसमानो गांव पहुंची

**भंडरा ।** रविवार को रांची से फॉरेंसिक टीम मसमानो गांव पहुंची। टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की। घर की फर्श पर गिरे खून के धब्बे, हत्या में प्रयुक्त कुदाल और अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए। सभी नमूने वैज्ञानिक जांच के लिए सुरक्षित किए गए। टीम ने घटनास्थल की फोटोग्राफी की। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर हत्या से पहले और बाद की स्थिति को समझने का प्रयास किया। जांच के दौरान भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह और मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी भी मौजूद रहीं।

## नवडीहा और तेतरपोका मे बारिश में गिरा घर

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कई गरीबो का कच्चा मकान ढह रहा है। बीती रात भीठा पंचायत के तेतरपोका गांव में एक गरीब का कच्चा मकान ढह गया। जबकि नवडीहा निवासी नरेश उरांव का भी घर ढह गया। हालांकि हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है। शनिवार शाम हुई मूसलाधार बारिश से गरीब का आशियाना ढह गया। तेतरपोका गांव निवासी झलकु मीरदाहा व पत्नी मेहरून निशा मेहनत मजदूरी कर कच्चे मकान में रहकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। पिछले दिनों को हुई तेज बारिश के चलते मिट्टी से बनी मकान की दिवार कमजोर हो गयी, जिस कारण उसमें दरार आ गयी थी। रहने का कोई और ठिकाना न होने के कारण परिवार मकान में ही रहने को मजबूर था। शनिवार की रात्रि में मकान की छत भरभरा कर नीचे गिर गयी।

## रोगी को निरोग बनाना पुनीत कार्य : कालीचरण सिंह




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि किसी रोगी को निरोगी बनाना बहुत ही पुनित कार्य है। सांसद रविवार को शहर के सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित एक दिवसीय नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। सांसद ने आगे कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अपनी प्राथमिकताओ मे रखा है। उन्होंने अपने जिला स्वास्थ्य प्रतिनिधि डॉ चंदन कुमार सिंह की मुक्त कंठ प्रशंसा की। कहा कि समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराना एक इश्वरीय कार्य है। उन्होंन इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील लोगों से की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने भी इस शिविर की प्रशंसा की। उन्होंने हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इससं पहले सांसद और अन्य अतिथियों ने भारत माता और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, बंशी यादव, जिला मीडिया प्रभारी सह अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय के अलावा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, अनिल सिंह, मोती प्रसाद सोनी, जय कुमार सिंह, रीना देवी आदि मौजूद थे।

# महुआडांड़ एक्सिस बैंक के ऑपरेशन हेड ने लगायी फांसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बवाटोली गांव के भंडारकोना में शनिवार देर रात महुआडांड़ एक्सिस बैंक के सहायक बैंक मैनेजर मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने किराए के मकान में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे की है। मिथिलेश के एक सहकर्मी को उनके परिजनों के अनुरोध पर उनसे मिलने उनके किराए के मकान पर जाना पड़ा। वहां पहुंचने पर मुख्य द्वार ताला बंद मिला। सहकर्मी ने मकान मालिक राजीव कुमार को बुलाया और ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया। कमरे में मिथिलेश को पंखे से गमछे के सहारे फांसी पर लटकते देख सहकर्मी ने तुरंत मकान मालिक को सूचित किया। मकान मालिक ने तत्काल स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। रविवार को मिथिलेश के परिजनों के पटना से महुआडांड़ आने के बाद उनकी उपस्थिति में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक मिथिलेश कुमार ठाकुर मूल रूप से बिहार के पटना शहर के दीघा निवासी थे। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं पर नजर रखी जा रही है।



# लातेहार में तुबेद कोलियरी खुलने से कई गांव सड़क विहीन, भारी वर्षा होने से गांव बने टापू : मुखिया

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत ग्राम तुवेद गांव के तुवेद कोल माइंस डीवीसी को शुरू होने से कई गांव टापू बन गया है। पहले इस गांव के 500 घर के लोग उस रास्ते से आते-जाते थे। उस रास्ता में डीवीसी के द्वारा कोलिरी से निकली हुई मिट्टी का पहाड बन गया है। जिससे ग्रामीणों को आना-जाना मुश्किल हो गया।

तुवेद नदी में बरसात में पानी बहुत ज्यादा रहता है। उस पर आना जाना भी मुश्किल है। ग्रामीण वीरेंद्र उरांव सहित कई गांव के लोगों का कहना है कि तुवेद कोलवारी खुलने के पहले विस्थापित नीति के तहत बहुत सुविधा देने की बात बोलते थे। अब कोलवरी खोलने से हम लोग कैद हो गये। इस गांव के कई परिवार बीमार है। कई महिलाओ का डिलीवरी केस में है उनको भी मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है।

इधर ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया अमरेंद्र उरांव को सारी बाते बतायी गयह और उसी स्थान पर ले जाया गया। जहां ग्रामीण आते जाते थे। इस संबंध में नेवाड़ी मुखिया अमरेंद्र उरांव में बताया कि डीवीसी कोलियरी खुलने से पहले जिले के डीसी साहब विकास की बात कहा करते थे। जिले के सभी पदाधिकारी ग्रामीणों को विकास की बात बताया करते थे और कहते थे आप लोगों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। परंतु आज कंपनी मानवता का भी ख्याल नही रख रहा है। हमारे पूर्वज का जमीन भी चला गया, उसके जगह में कुछ नहीं मिला। कंपनी हमारे जीने का अधिकार भी छीन लिया है। मुखिया और ग्रामीण डीवीसी कंपनी के प्रबंधन से मांग करते हैं कि गांव के लोगों के लिए जल्द से जल्द उचित व्यवस्था किया जाये।



### क्या कहते हैं नवाडीह पंचायत के मुखिया



डीवीसी कंपनी खुलने से कई गांव बना टापु तुवेद कोल माइंस तुवेद गांव के बिचाटोगरी, बानूदाग, कमाही, बरवागढ़ा सहित कई गांव का आवगनम बाधित है। सडके पूरी तरह कोलियरी क्षेत्र में चले ग है। ग्रामीणों का गांव से निकलना पूरी तरह बंद हो गया है। लातेहार जिले उपायुक्त से आग्रह करता हू कि ग्रामीणों को आने-जाने का रास्ता सभी गांव से मुख्य सड़क तक जोड़ा जाए।

### क्या कहते हैं डीवीसी के प्रबंधक अरविंद कुमार ठाकुर

इस संबंध में डीवीसी के महाप्रबंधक अरविंद कुमार ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चार-पांच गांव के लोग को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। इसकी जानकारी मुझे नहीं है। सोमवार को मैं जानकारी प्राप्त कर आने-जाने वाले लोगों का रास्ता बहाल करने का मैं काम करूंगा।

## बरसात में घुटनों तक पानी में डूबकर बाजार जाने को लोग मजबूर, जलनिकासी की मांग की



**कुड़ू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू बाजार टांड़ में बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही बारिश से बाजार टांड़ इलाके में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाजार आने वाले ग्राहकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हमेशा ही थोड़ी सी बारिश में ही सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं। नालियों की समुचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण सारा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे न सिर्फ लोगों की आवाजाही बाधित हो रही है, बल्कि छोटे दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासी राजेश प्रसाद ने बताया, कि हर साल बरसात में यही हाल होता है। हमलोग तो जैसे-तैसे निकल जाते हैं, लेकिन बाहर से आने वाले ग्राहक जब पानी में जूते डुबोकर आने की बजाय वापस लौट जाते हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। क्षेत्रवासियों ने शीघ्र नालियों की सफाई व जलनिकासी की व्यवस्था की मांग की है, ताकि बारिश में उन्हें राहत मिल सके।

## स्वास्थ्य शिविर 33 लोगों ने करायी जांच




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती, लोहरदगा के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रांगण में आज 159वें सप्ताहिक के रविवार को सुबह 7:30 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 33 लोगों ने भाग लिया और उन्होंने हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच करवायी। साथ ही अन्य पैथोलॉजिकल जांचें भी आधे खर्च पर उपलब्ध करायी गयी। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा, जरूरतमंद और असहाय लोगों की सेवा करना हमारा धर्म है। भविष्य में असमर्थ मरीजों के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की जायेगी। डॉ. कुमुद अग्रवाल ने स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिससे अनेक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर में पैथोलॉजी विशेषज्ञ आशीष अग्रवाल ने भी अपनी सेवाएं दीं। शिविर में प्रमुख रूप से अतुल सर्राफ, सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, गोपाल महतो, पध्मलोचन अग्रवाल, रामजी प्रसाद, शिमला देवी, रूबी अग्रवाल, शकुन देवी, विश्वनाथ प्रसाद, सागर मंडल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मंजू देवी, रमेश शर्मा, मनोरमा देवी, धर्मेंद्र सोनी, तपेश्वर अग्रवाल, ललित साहू, सोनिया पोद्दार, कमलेश यादव, ममता बंका, सच्चिदानंद अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के 'मन की बात' का 123वां एपिसोड लोगों ने सुना

मन की बात देश के हर नागरिक को जोड़ने का एक प्रेरणादायक माध्यम बन चुका है : सचिन साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा नगर के विभिन्न बूथों पर रविवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व का 123 वां एपिसोड उत्साहपूर्वक सुना गया। इस आयोजन की अगुवाई भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव मौजूद रहे, जिन्हें मौके पर बुथ संख्या 257 बूथ अध्यक्ष प्रियंका साहू ने सफा देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरूआत का उल्लेख करते हुए भगवान शिव के इस दिव्य धाम को श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत अनुभव बताया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा, मेघालय की महिलाओं को ऐरी सिल्क को मिला जियो टैग, और बोडोलैंड को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा, मन की बात न केवल एक संवाद है, बल्कि यह देश के हर नागरिक को जोड़ने का एक प्रेरणादायक माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचारों से हर कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। आज लोहरदगा के हर बूथ पर जिस तरह से सहभागिता दिखी, वह हमारे संगठन की शक्ति और जनता के जुड़ाव का प्रमाण है। मौके पर उपस्थित, विश्वनाथ साहू, उदय साहू, फूलचंद लोहारा, रामदेव साहू, लकी देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, सुषमा देवी, रितिका देवी, नेहा देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।



## भाजपा नेता ने आरएसएस के सर कार्यवाह के बयान का किया समर्थन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों को हटाने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय हुसबोले के बयान का समर्थन करते हुए इसे वर्तमान समय की जरूरत बताया और इस पर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक बहस कराने की बात कही। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 1975 में आपातकाल के दौरान जब संपूर्ण विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था, उस समय इन शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में जोड़ दिया गया, जबकि इस पर संसद में कोई स्वस्थ चर्चा तक नहीं हुई। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक और न्यायविरुद्ध बताया।

# अतिवृष्टि और खराब बीज से किसान परेशान, मुआवजे की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य एवं किसान प्रतिनिधि जितेंद्र महतो ने लगातार हो रही बारिश और खराब बीज आपूर्ति को लेकर गहरी चिंता जाहिर की है। अपने खेत में धान की रोपाई करते हुए उन्होंने बताया कि इस बार अतिवृष्टि के कारण कुछ वर्षों बाद दो और तीन नंबर खेतों में भी धान रोपने की संभावना बन रही है, जो किसानों के लिए एक उम्मीद की किरण है। हालांकि, इसके साथ ही किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महंगे दामों में बिना जीएसटी नंबर के बीज खरीदने को मजबूर किसान, बार-बार बीज लगा रहे हैं, लेकिन बारिश के कारण खेतों में बीज खराब हो जा रहा है। जितेंद्र महतो ने आरोप लगाया कि दुकानदार मनमानी दर पर बीज बेच रहे हैं और सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान भगवान भरोसे खेती कर रहा है, और खराब बीज के लिए कोई जवाबदेह नहीं है। सरकार, सांसद और विधायक किसानों की सुध नहीं ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का मुआवजा भी किसानों को नहीं मिला है। श्री महतो ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित कृषि मंत्री से आग्रह किया है कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे करवा कर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बीज आपूर्ति में पारदर्शिता और नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जायें।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**गारू (आजाद सिपाही)।** आगामी मोहर्रम त्योहार को लेकर रविवार को बारेसांढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गारू अंचल अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने की। बैठक में सभी लोगों से आपसी समन्वय बनाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम मनाने की अपील की गई। सीओ ने स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। विशेषकर डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।वक्ताओं ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग देने की अपील की और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। मौके पर मौजूद प्रबुद्ध नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान शराबीयों एवं अवैध शराब बनाने वालों पर पूर्णत प्रतिबन्ध रहेगा। इस अवसर पर पुलिस अंचल निरीक्षक पीर मोहम्मद, स्थानीय विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, थाना प्रभारी प्रभात दास, एसआई विजय महतो,राजेंद्र प्रसाद, मुस्तफा साह, सदर रफिक अंसारी समेत विभिन्न समुदायों के बुद्धिजीवी और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# लैंपस की लापरवाह कार्यशैली से किसान परेशान

लैंपस अध्यक्ष और प्रबंधक पर कानूनी कार्रवाई की कवायद शुरू

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विभिन्न प्रखंडों में किसान और किसान कल्याण के लिए संचालित लैंप्स की कथित लापरवाह कार्यशैली से किसान और स्थानीय प्रशासन के आलाधिकारी परेशान है। लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधक की लापरवाही से स्थानीय किसानों को गत वर्ष लैंप्स में जमा किये गये धान का सरकारी भुगतान अब तक लंबित है। इससे किसानों को चालू खरीफ मौसम में धान की फसल नये सिरे से लगाने में परेशानी आ रही है। लैंप्स पर दबाव बनाकर धान उत्पादक किसानों को समय पर आर्थिक सहयोग देने का स्थानीय प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। बावजूद, लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधक इस ओर गंभीर नहीं है। अब, स्थानीय प्रशासन लापरवाह लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधकों के विरुद्ध थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज करने के कवायद शुरू कर दिया है।




मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा प्रखंड के बूटी लैंप्स अध्यक्ष शंकर उरांव 380.42 क्विंटल धान और किस्को लैंप्स के अध्यक्ष जतरू उरांव ने 50.62 क्विंटल धान किसान से लेकर अब तक सेन्हा स्थित कमला देवी राइस मिल में जमा नहीं किया है। भंडरा लैंप्स के प्रबंधक परमानंद प्रजापति 264.88 क्विंटल धान और हेसापीढ़ी लैंप्स के प्रबंधक विनोद सिंह 109.41 क्विंटल धान लोहरदगा राइस मिल में अब तक जमा नहीं किया है। जिससे इन लैंपसों से जुड़े किसानों को धान जमा करने के बावजूद फसल का भुगतान नहीं हो सका है। तैयार फसल लैंप्स में जमा करने के बावजूद किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा उपरोक्त लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधक पर लगातार दबाव बनाने के बावजूद अपेक्षित कार्य नहीं करने पर प्राथमिक की दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। इस संदर्भ में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने पत्रांक 708 दिनांक 21 जून को उपरोक्त लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधकों को शीघ्र अवशेष धान संबंधित राइस मिल में जमा करने के लिए कल निर्देश दिया था इस पत्र में डीएसओ ने संबंधित लेंस के अध्यक्ष और प्रबंधक को एक सप्ताह के भीतर जवाब देही के साथ धन राइस मिल में जमा करने का निर्देश दिया। निर्देश का अनुपालन नहीं होने पर सीधा नामजद प्राथमिक की दर्ज करने की चेतावनी भी दिया। बावजूद, लैंप्स के अध्यक्ष और प्रबंधक पर सरकारी फरमान की कोई असर नहीं पड़ी है।

### लैंपस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएसओ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा कि पिछले खरीफ मौसम उत्पादित जिले के विभिन्न लैंपसों में 51660.04 क्विंटल लेकर किसानों को भुगतान कर दिया गया है वर्तमान में बूटी, किस्को, भौरों और हेसापीढ़ी लेंस के अध्यक्ष व प्रबंधक ने लापरवाही से 1171.76 क्विंटल धन लापरवाही से राइस मिलों में जमा नहीं किया है। इस पर गंभीरता से कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## मोहर्रम की पहली तारीख से दुआ फातिहा शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला में मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सभी कर्बला और इमाम बाड़ा में दुआ फातिहा शुरू हो गयी है। मालूम हो कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र अंतर्गत समाहरणालय के पीछे स्थित कर्बला में पहली मोहर्रम से ही लोगों का आना-जाना और दुआ फातिहा शुरू हो गया है। यहां पर सप्तमी को लगने वाली मेले को लेकर तैयारियां पूरी तरह से जोर-शोर से किया जा रहा है। कमिटी के ओहदेदारों और मेंबरान तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इस बीच कमिटी के ओहदेदार मोजम्मिल अंसारी, सेराज अंसारी एवं मोजावर हारून रशीद अंसारी ने बताया कि यहां पर जो भी आते हैं उनकी तमाम मुरादें पूरी होती है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## विश्रामपुर नगर के विधायक प्रतिनिधि बने हेसामुद्दीन अंसारी एवं कृष्ण कांत यादव



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने राजद नेता हेसामुद्दीन अंसारी एवं कृष्ण कांत यादव उर्फ मुन्ना यादव को विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस आशय का मनोनय पत्र विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने सभी संबंधित विभाग को प्रेषित भी कर दिया है। बतातें चलें कि हेसामुद्दीन अंसारी विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 के कोसियार गांव के रहने वाले है। वहीं, कृष्णकांत यादव उर्फ मुन्ना यादव वार्ड 10 के पांडेपुर गांव निवासी हैं। दोनों लंबे अर्से से राजद से जुड़े हैं। दोनों नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेवारी दी गयी है, उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगें। विधायक नरेश प्रसाद सिंह द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को प्रचारित प्रसारित करते हुए उनके विकास के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। इधर, कई लोगों ने दोनों नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधियों को बधाई दी है। इसमें राजद जिला महासचिव रमेश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजय उपाध्याय, इम्तियाज अंसारी और नरेश यादव आदि शामिल थे।

## बूथ स्तर पर सुनी गयी पीएम मोदी के मन की बात

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण हैदरनगर मंडल के बूथ संख्या 91, 92 और 93 पर हुआ। जहां कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ सुना। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर देशहित और समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। इस कार्यक्रम में जिला मंत्री सोमेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव, प्रखंड उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, वीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुधीर सिंह, भोला सिंह, रवि रंजन सिंह, सोनू सिंह, शेखर सिंह, अनिल सिंह, विनीत पाल, गुड्डू सिंह, विकास सिंह आदि मौजूद थे। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसी पहलों को आत्मसात करने को कहा है। उन्होंने देश की प्रगति में हर नागरिक की भागीदारी अहम होना और युवाओं को तकनीक और नवाचार में आगे आने का आह्वान किया। देश के कोने कोने से जुड़े जन सामान्य के प्रेरक कार्यों का उल्लेख कर बताया कि छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास ही भारत को विश्व गुरु बना सकता हैं। कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के संदेश को आत्मसात कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, समाज में सकारात्मक सोच फैलाने, सेवा और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया है।

## माता वैष्णो देवी दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर बाजार क्षेत्र से श्रद्धालुओं का एक जत्था रविवार को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। सभी श्रद्धालु ट्रेन संख्या 18611 इंटरसिटी एक्सप्रेस से वाया वाराणसी और वहां से रविवार को बेगमपुरा एक्सप्रेस से जम्मू के लिए प्रस्थान किये है। श्रद्धालुओं के अनुसार सोमवार की रात 13 किलोमीटर की कठिन पैदल चढ़ाई के बाद मंगलवार की सुबह श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दरबार में मत्था टेकेंगें। मान्यता है कि माता वैष्णो देवी के दरबार में सच्चे मन से पहुंचने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं, श्रद्धालुओं में संतोष दुबे, संतोष गुप्ता (डीलर), मिंटू जयसवाल, लकी जयसवाल, रंजीत अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल आदि शामिल हैं। हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेता सरयू प्रसाद गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, प्रमोद प्रसाद सोनी, राजेश प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोगों ने ट्रेन से विदा कर सभी श्रद्धालुओं को मंगलमयी यात्रा की शुभकामना के साथ ही सुखद और सकुशल यात्रा की कामना की है

## वाराणसी-बरकाकाना मेमू ट्रेन में आयी तकनीकी खराबी, शिवसागर स्टेशन पर घंटों खड़ी रही ट्रेन

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वाराणसी से बरकाकाना के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन (संख्या 63558) एक बार फिर तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्रेन शिवसागर रेलवे स्टेशन पर अचानक रुक गई, जिसके बाद उसके चक्कों से धुआं निकलने लगा। प्राथमिक जांच में ब्रेक बाइंडिंग की समस्या सामने आई है, जिसके कारण ट्रेन करीब 4 घंटे से अधिक विलंब से चल रही है। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी टीम डेहरी से मौके पर पहुंच चुकी है और खराबी दूर करने का प्रयास जारी है। हालांकि, यात्रियों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने बताया कि पहले भी ऐसी घटनाएं इसी रेलखंड पर, विशेषकर हैदरनगर रेलवे स्टेशन के पास, कई बार हो चुकी हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस रेलखंड पर दूसरी जगहों से कबाड़ घोषित की गई पुरानी मेमू/ईएमयू ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इन ट्रेनों में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है, न ही शौचालयों की स्थिति ठीक है। सीटें क्षतिग्रस्त हैं और पर्याप्त रोशनी की भी घोर कमी है, जिससे खासकर महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि यह रेलखंड झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर पड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन सुविधाओं और सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इससे न केवल यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है, बल्कि यात्रा का अनुभव भी बेहद कष्टप्रद हो गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर भी इसी प्रकार तकनीकी खराबी के कारण यह ट्रेन कई घंटे रुकी थी। ऐसे में रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## जपला आरपीएस स्कूल के रोहन सिंह हेड बॉय एवं वैष्णवी कुमारी बनी हेड गर्ल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस विद्यालय में हेड बॉय और हेड गर्ल के चुनाव प्रकिया का रिजल्ट घोषित किया गया। लड़को में रोहन सिंह और लड़किओं में वैष्णवी कुमारी ने बाजी मारी। विद्यालय में कुल 201 बच्चे वोटिंग प्रणाली के हिस्सा बने, जिसमें रोहन सिंह को सबसे ज्यादा 146 वोट मिले। वो अपने प्रतिद्वंदी सार्थक सिंह से 94 वोटो से आगे रह कर विजयी बने। वहीं, दूसरी ओर, वैष्णवी कुमारी को सबसे ज्यादा 110 वोट मिले और वो अपने प्रतिद्वंदी सिद्धि टिब्रेवाल से 51 वोटो से आगे रहते हुए विजयी हुई। इस वर्ष 2025-26 के सत्र में विद्यालय के हेड बॉय के रूप में रोहन सिंह और हेड गर्ल के रूप में वैष्णवी कुमारी का चयन बच्चों ने किया। प्रधानाचार्या पुबाली रॉय के नेतृत्व में संपूर्ण वोटिंग प्रणाली संपन्न हुई, जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं सलोनी भारद्वाज, सौम्मदीप दास, अभय यादव, सुधीर कुमार, आनंद कुमार, अनुप्रिया सिंह, सूरज त्रिपाठी, रंजना पाठक और अनुप्रिया सिंह आदि ने भी भरपूर सहयोग दिया।

## पुलिस-प्रशासन की उदासीनता से बढ़ा गिट्टी-पत्थर कारोबारियों का मनोबल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज एवं पीपरा में अवैध गिट्टी और पत्थर का कारोबार जोरों पर है। इसका मुख्य कारण पुलिस प्रशासन की उदासीनता और मिलीभगत को माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, गिट्टी के कारोबारियों का मनोबल प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के चलते लगातार बढ़ रहा है। इस कारण न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर भी अवैध गिट्टी परिवहन की घटनाएं सामने आ रही है। स्थानीय कारोबारी अब बिना किसी डर या कानूनी कार्रवाई के गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे हैं। इन कारोबारियों की मुख्य रणनीति यह है कि वे अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर बैठ कर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर बिना किसी चालान के अपने माल को पास करवा लेते हैं। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस प्रशासन कर्मी कारोबारियों से रिश्वत लेकर उनके माल को बिना किसी जांच के आगे बढ़ने की अनुमति दे देते हैं। इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कई प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उनका मानना है कि अगर प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाया तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। प्रशासन की उदासीनता और मिलीभगत से न केवल स्थानीय कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि यह पूरे जिले और राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर डाल रही है। वहीं लोगों का कहना है कि बिना सख्त कदम उठाए यह अवैध व्यापार नहीं रुक सकता।

### गिट्टी और पत्थर माफियाओं के ऊंची पहुंच

**गिट्टी और पत्थर माफियाओं के ऊंची पहुंच एवं संबंधित बड़े अधिकारियों की मिली भगत से विभिन्न राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता इस मामले को उठाने में भी कतराते हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में अवैध कारोबार बे रोक टोक जारी है। इस कारण राज्य सरकार को भी भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।**

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ को लेकर हवन-पूजा

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने मजार पर मांगी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



दिशुम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन करते कार्यकर्तागण।

**हैदरनगर/पलामू।** शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने हैदरनगर प्रसिद्ध देवी धाम में पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन किया। उन्होंने हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्श की मजार पर चादरपोशी कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मन्नत मांगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने पर दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में इलाजरत हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने धर्म स्थलों पर पूजा हवन एवं मन्नत मांग रहे हैं। उधर, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में भी कार्यकर्ताओं ने रविवार को देवी धाम में हवन और पूजन किया गया। उन्होंने देवी मां से दिशुम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। कहा कि उनके स्वस्थ होकर रांची आने के बाद देवी धाम में प्रसाद और चुनरी चढ़ाई जायेगी। उन्होंने हुसैनाबाद के दाता पीर बक्श की मजार पर चादरपोशी की एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना की इसमें जेएमएम के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, विवेकानंद सिंह, प्रो योगेंद्र सिंह, परमानंद सिंह, डॉ. एजाज अलम, परवेज आलम, सत्यनारायण विश्वकर्मा, अशोक पासवान, जेपी सिंह, पुरामल पासवान, अनुज शर्मा, ब्रजेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अविनाश देव ने अस्पताल जाकर जाना गुरुजी का हालचाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो के वरिष्ठ नेता और झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रमुख स्तंभ दिशोम गुरुजी इन दिनों दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत चिंताजनक है। आईसीयू में भर्ती गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर पूरे राज्य में चिंता का माहौल है। इसी क्रम में झामुमो के युवा नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने रविवार को अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल लिया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी भेंट की। अविनाश देव ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि 'समर शेष है मां, अभी संघर्ष के राह में सलामत रहूंगा।' उक्त वाक्य दिशोम गुरु ने संघर्ष के शुरूआती दिनों में अपनी मां से कहा था। अविनाश ने कहा कि आज जब गुरुजी आईसीयू में हैं, हम सभी मरांग बुरु से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हैं। वे झारखंड की रत्नगर्भा धरती के फौलादी सपूत हैं, जिन्होंने सिद्धू-कान्हू, बिरसा, नीलांबर-पीतांबर की परंपरा को आगे बढ़ाया है। आशा है, मौत को मात देकर वे पुनः झारखंड लौटेंगे और एक बार फिर बसंत का बिगुल फूकेंगे।

## स्वच्छता समिति की बैठक में अनुपस्थित रहे मुखिया एवं प्रखंड कर्मी को शोकॉज का निर्देश

### स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में लोगों की सहभागिता जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में स्वच्छता प्रबंधन को लेकर रविवार को स्वच्छता समिति की बैठक हुई। इस दौरान स्वच्छता समिति के सदस्य, प्रखंड कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और संचालन बीडीओ सुनील वर्मा ने किया। इसमें, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर चर्चा के साथ ही कचरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ ने बैठक से अनुपस्थित प्रखंड कर्मी और मुखिया को शोकॉज करने का निर्देश दिया। साथ ही मुखिया को स्वच्छता कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में चर्चा के दौरान ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। प्रखंड क्षेत्र के दंगवार, बेनिकला, ऊपरी कला, देवरी कला, महूदण्ड, पोलडीह एवं पथरा पंचायत को कचरा संग्रह के लिए उपलब्ध कराए गए ई-रिक्शा को नियमित रूप से बेहतर तरीके से चलाने का निर्देश दिया गया। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी कार्यों को पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। लगे हाथ स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस मौके पर स्वच्छता कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह, 15वें वित्त के कनीय अभियंता धर्मेंद्र कुमार, मुखिया श्रवण राम, विजय राम, सुदामा यादव और ममता देवी आदि उपस्थित थे।

## देवघर पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**देवघर (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत शर्मा रविवार को देवघर पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद एयरपोर्ट से वह सीधे बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। बैद्यनाथ मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद न्यायाधीश ने मंदिर प्रशासनिक भवन में संकल्प लिया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा बैद्यनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की।इस दौरान देवघर के डीसी, एसडीओ सहित कई वरीय जिला प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उधर, न्यायमूर्ति सूर्यकांत शर्मा की देवघर यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था की विशेष तैयारी की थी। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आगमन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। इस मौके पर झारखंड हाई कोर्ट के रजिस्टर जनरल मनोज प्रसाद, जिला सत्र न्यायाधीश, अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## देवघर पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने लोगों के साथ बैठकर सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जसीडीह थाना क्षेत्र के कुशमाहा प्राथमिक विद्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व विधायक नारायण दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हर महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं जिसमें लोगों को प्रेरित करने के साथ ही लोगों से सुझाव भी लेते हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने योग पर विशेष बात कही। कहा कि योग न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशों में भी काफी प्रचलित हो गया है। लोग योग करके खुद को स्वस्थ महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात में पर्यावरण को भी लेकर लोगों को प्रेरित किया। एक पेड़ मां के नाम लगाने का लोगों से आह्वान भी किया। कहा कि, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं समूह बनाकर छोटे-छोटे उद्योगों को बड़ा रूप दे रही है जिसमें से एक सबसे महत्वपूर्ण है मोटे अनाज, जो लोग अब खाना छोड़ रहे हैं। कई ऐसी महिलाएं हैं जो मोटे अनाज का व्यापार कर लोगों को अच्छा अनाज मुहैया करा रही है। इस तरह की बात अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं तो पूरे देश को इससे प्रेरणा मिलती है।

## अपहरण के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** अपहरण कांड के आरोपित पांकी थाना क्षेत्र के सुड़ी निवासी कलाम अंसारी के घर रविवार को पांकी पुलिस ने ढोल बजाकर इस्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि कांड संख्या - 05/ 22 धारा 364 ए प्राथमिक अभियुक्त कलाम अंसारी फरार चल रहा था। जिसे न्यायलय के आदेश पर आरोपी के घर पर दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में विधिवत इस्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालो को किसी भी सूरत मे बख्शा नहीं जाएगा।

## कुशवाहा विकास संघ ने नीट-आइआइटी में सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कुशवाहा विकास संघ की ओर से रविवार को जपला देवरी रोड स्थित कुशवाहा भवन में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान आइआइटी, नीट एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों को डायरी और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के उन छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया, जिन्होंने कठिन परीक्षाएं पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मेहता और महासचिव प्रदीप मेहता ने की। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष मुकेश मेहता, महासचिव प्रदीप मेहता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गौतम, उदय मेहता, अरविंद कुमार प्रकाश, राम परीखा मेहता, अजय मेहता, सुनील मेहता, नरेश मेहता और रामेश्वर मेहता सहित कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। वहीं, सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में मोहम्मदगंज प्रखंड के कडंडा गांव निवासी दिनेश मेहता (फल व्यवसायी) के पुत्र हिमांशू कुमार, जपला के अनिकेत कुमार, अहमदनगर के अभिषेक रंजन, नीट में सफल छात्र महुअरि गांव निवासी रूपक कुमार, आइआइटी में सफल छात्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के महासचिव प्रदीप मेहता ने कहा कि ये बच्चे सिर्फ अपने परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का गौरव हैं। हमें गर्व है कि क्षेत्र के दबे-कुचले और साधनविहीन वर्ग के बेटे-बेटियों ने कठिन परिस्थितियों में भी सफलता का परचम लहराया। इस मौके पर डॉ अरुण मेहता, डॉ उपेंद्र वर्मा, अवधेश मेहता, शिवप्रसाद मेहता आदि उपस्थित थे।

## नगर आयुक्त की सख्ती: श्रावणी मेला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**- श्रावणी संबंधित चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश**



**देवघर (आजाद सिपाही)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सुचारू संचालन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए देवघर नगर निगम की तैयारियों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा के नेतृत्व में रविवार को श्रावणी मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त ने शिवगंगा क्षेत्र के चारों ओर किए गए अवैध अतिक्रमण पर सख्ती बरतते हुए दुकानदारों से अविलंब अतिक्रमण हटाने की स्पष्ट चेतावनी दी। मौके पर ही कई दुकानों द्वारा लगाए गए अस्थायी छप्परों को हटवा भी दिया। वहीं, नगर आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रकाश मिश्रा को एक जुलाई से शिवगंगा परिसर एवं संपूर्ण मेला क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं के लिए निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त ने योजना शाखा एवं अभियंत्रण शाखा के अभियंताओं के साथ नेहरू पार्क, शिवगंगा, बाबा मंदिर पहुंच पथ, कांवरिया पथ सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे श्रावणी मेला विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने उपस्थित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। संवेदकों को अतिरिक्त लेबर लगाकर कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। स्पष्ट किया कि कार्यों में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।

# जिलिंगसिरा में निरंतर बारिश से डायवर्सन टूटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के जिलिंगसिरा गांव में तेज बारिश के कारण ग्रामीणों द्वारा डायवर्सन बनाया गया था जो डायवर्सन टूट गया। जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह जोखिम भरा हो गया। उक्त गांव टापू में तब्दील हो गया ग्रामीण उक्त सड़क पार होने को लेकर काफी परेशान दिखे ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में उक्त गांव में सड़क और पुल निर्माण की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया गया था प्रखंड प्रशासन द्वारा पहल की गई और समझा बूझाकर चुनाव में मतदान करवाया गया और आश्वासन दिया गया था कि सड़क और पुल निर्माण का कार्य जल्द कराया जाएगा लेकिन कोई पहल नहीं दिखी। वही कल से हो रहे लगातार बारिश से ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर बनाये गये उक्त मिट्टी का डायवर्सन बह गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है खासकर बीमार और गर्भवती महिलाओं को ले जाने में काफी दिक्कत होगी। वही प्रखंड प्रशासन से जल्द सड़क और पुल निर्माण करने की मांग ग्रामीणों ने कही।

# नवविवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर लगा हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता




थाने के बाहर लोगों की भीड़ और इंसेट में रिजवाना खातुन की फाइल फोटो।

**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते शनिवार रात सिसई बस्ती निवासी महिला रिजवाना खातुन (22) की मौत हो गयी। महिला के भाई रांची नगड़ी थाना निवासी रिजवान अंसारी ने अपनी बहन रिजवाना के पति शमशाद अंसारी, सौतन अफसाना परवीन, सास शायरा बानो, ससुर रहीम अंसारी व देवर अफसर अंसारी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए सिसई थाना में रविवार को आवेदन देकर सभी आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। आवेदन में रिजवान अंसारी द्वारा कहा गया है कि मेरी बहन रिजवाना खातून को प्रेम प्रसंग में घर से भगा लिया गया था एवं 6 नवंबर 2024 को लोंगा गांव के इमाम सैनुल अंसारी द्वारा सिसई बस्ती निवासी रहीम अंसारी के पुत्र शमशाद अंसारी से तीसरी पत्नी के रूप में निकाह कराया गया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही मेरी बहन को पति, सौतन, सास, ससुर और देवर द्वारा दहेज को लेकर हमेशा मार-पीट और प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज और नकद के लिए मेरे बहनोई शमशाद द्वारा अक्सर मेरी बहन से मार-पीट किया जाता था। अंत में परेशान होकर हमने अपने पुस्तैनी जमीन को बेचकर फरवरी 2025 में दो लाख रुपए नकद दिये। कुछ दिन ठीक रहने के बाद फिर पति और ससुराल वालों ने मार-पीट करना शुरू कर दिया। शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे मेरे बहन का देवर अफसर ने फोन कर सूचना दिया कि रिजवाना की मृत्यु हो गयी है। खबर मिलने पर रात में ही मैं बहन के ससुराल पहुंचा और देखा रिजवाना अचेत पड़ी हुई है। नजदीक जाकर देखा तो उसके सिर में गंभीर चोट और गला में रस्सी या अन्य चीजों से दबाने का निशान था। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी बहन की हत्या पति शमशाद अंसारी, सौतन अफसाना परवीन, ससुर रहीम अंसारी,सास शायरा बानो और देवर अफसर अंसारी सभी ने मिलकर किया है। मामले को लेकर समाचार लिखे जाने तक सिसई पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है वहीं पुलिस हर पहलुओं पर गहनता से छानबीन करने में जुटी हुई है।

## पुलिस ने करम टोली में शराब पीते आठ लड़कों को चेतावनी देकर छोड़ा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर की पुलिस ने करम टोली में एक घर से आठ लोगों को शराब पीते पकड़ा। सभी लड़के स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि करम टोली में स्कूली छात्र प्रतिदिन शराब पीने के लिए पहुंचते हैं और अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं इसके बाद गुमला थाना के एसआई विनय कुमार और हेमा देवी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। वहीं पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए जबकि कुछ लड़कों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछने पर सभी ने बताया कि वे स्कूल व कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र हैं। सभी महंगी बाइक लेकर शराब पीने आए थे। वहीं कुछ लोग खेत के पास एक पेड़ के नीचे शराब पी रहे थे। वही शराब पिलाने वाली महिला पुलिस को देखकर भाग रहे लड़कों को पुलिस से कोई डर नहीं बोलकर रुकने के लिए दबाव बना रही थी। पुलिस ने दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी देकर सभी लड़कों को छोड़ दिया जबकि शराब बेच रही महिला को सख्त हिदायत दी। वहीं शराब को नष्ट भी किया। पुलिस ने बताया नशा पान के खिलाफ आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारी बारिश से घर ढहा, मुआवजे की मांग की



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा बीती शनिवार की रात में रुक-रुक निरंतर हुई बारिश के कारण कामडारा प्रिंस चौक निवासी संजय साहु के मकान का एक भाग पूरी तरह से ढ़ह गया। जिसके कारण फिलहाल उसे रहने मे काफी दिक्कत हो रही है। वहीं रविवार को उसने स्थानीय उपप्रमुख शकुंतला देवी को इसकी जानकारी देते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने के लिये गुहार लगाया है।

## पिकअप से 53 हजार रुपये की चोरी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा ब्लॉक चौक स्थित एक किराना स्टोर के समीप खड़े चावल अनलोड कर रहे मालवाहक पिकअप गाड़ी से अज्ञात चोर ने 52971 रुपये लेकर भाग निकले। इस संबंध में पीड़ित चालक करौंदी निवासी प्रदीप साहू ने बताया कि वह कंचन राइस मिल से 70 बोरी चावल लोड कर निकला और मालिक के कहे अनुसार 50 बोरा चावल मैना बगीचा स्थित लोहरदगा विकास स्टोर में अनलोड किया। इसके बाद 20 बोरी चावल को लेकर घाघरा के कपिलमुनी किराना स्टोर पहुंचा। वहां पर गाड़ी लगाकर चावल अनलोड कराने लगा और जब पुन: गाड़ी के पास आया तो देखा कि सीट पर काला प्लास्टिक में रखे 52971 रुपये गायब थे। पीड़ित चालक ने घटना को लेकर घाघरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायर है। घटना के बावत थाना प्रभारी पुनीत मिंज से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुचने को लेकर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

# विहिप की प्रखंड समिति विस्तार को लेकर बैठक, नये सदस्यों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिसई प्रखंड समिति का समिति विस्तार को लेकर रविवार को प्रखंड के रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा के सभागार में आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता विक्रम ताम्रकार के द्वारा किया गया। वहीं समिति विस्तार को लेकर पहुंचे नए सदस्यों का चयन कर श्री राम पट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नवचयनित सदस्य में प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार साहु, उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, सूरज कुमार सिंह, संदीप केशरी, मदन साहु , मंत्री श्याम किशोर साहु, सह मंत्री रघुनंदन साहु, विश्वकर्मा गिरि, सत्संग प्रमुख राजेश कुमार देवघरिया, संयोजक सौरभ ताम्रकर, सह संयोजक ओमप्रकाश साहु, गौ रक्षा प्रमुख किशन सिंह, सेवा प्रमुख राजा वर्मा सह सेवा प्रमुख शिवपूजन साहु, धर्म प्रसार प्रमुख बलि उरांव, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार साहु, शम्भु एस चौहान, विद्यार्थी प्रमुख विकास गोप, गौतम साहु, नीतीश कुमार साहु, मथुरा कुमार साहु, अभिषेक कुमार साहु, अमित साहु, सुरक्षा प्रमुख नागेश्वर नाग, मेघनाथ साहु, लक्ष्मी साहु, संदीप साहु, मातृशक्ति संयोजिका पूर्णिमा देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका बैजन्ती देवी, सह दुर्गा वाहिनी संयोजिका रानी कुमारी संरक्षक रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, सुप्रदीप साहु, विक्रम ताम्रकर, मुकेश ताम्रकर कार्यकारणी सदस्य ब्रजेश साहु, नवीन कुमार, राजू साहु। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मनीष बाबू ने कहा कि आज प्रखंड में लव जिहाद, धर्मांतरण जैसी घटनाएं बढ़ गयी है। जिसके कारण समाज में तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है। वहीं उन्होंने संगठन के सभी लोगों को एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह किया।

## गुमला-रांची कांवरिया संघ ने बिहार में सेवा शिविर लगाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला कांवरिया संघ के द्वारा कांवरियों की सुविधा के लिए बिहार के बांका दुल्लीसार (कटोरिया) में निःशुल्क सेवा शिविर लगाया जायेगा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह सेवा निःशुल्क दिलायी जा रही है। जिसका शुभारंभ सावन के दिन होगा। आयोजन समिति के अजय गुप्ता ने बताया कि उक्त शिविर में निशुल्क सेवा कांवरियों को दी जायेगी। साथ ही भोजन के अलावा रात्रि विश्राम की पूरी व्यवस्था होगी। उन्होंने खासकर गुमला रांची के कांवरियों से निःशुल्क सेवा शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# दो फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट पुलिस ने वर्ष 13 में पालकोट थाना में दर्ज मामले को दो फरार अभियुक्तों के घर मे इश्तेहार चिपकाया है। मामले को लेकर इस्तेहार तामिला करने अभियुक्तों के घर पहुंचे एएसआइ प्रमोद कुमार ने बतलाया के वर्ष 13 के हत्या आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई मामले में नाथपुर निवासी परमेश्वर गोप एवं हर्रा टोली निवासी भैरो उरांव दोनों थाना पालकोट के घर इश्तेहार चिपकाया। इसी निमित्त दोनों फरार अभियुक्तों के घर में इश्तंहार चिपकाकर परिजनों को न्यायालय में सरेंडर करने को कहा गया है। अगर जल्द दोनों अभियुक्त न्यायालय में सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## गाजीपुर में काम कर रहे मजदूर का शव गांव पहुंचा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना के खंभिया निवासी मजदूर बालेश्वर गोप की मौत गाजीपुर स्थित एक ईंट भट्ठे में विगत 27 जून को हो गयी। मृतक के साथ गांव के ही महली गोप जो उक्त भट्ठे में साथ रह रहा था उसने मृतक बालेश्वर के शव को लेकर रविवार को गांव पहुंचा। मृतक के शव को परिजन घाघरा थाना ले कर पहुंचे। इस बावत थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि वरीय अधिकारियों को सूचना दी गयी है उनके निर्देश पर ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। मृतक बालेश्वर के परिजनों ने बताया कि बालेश्वर रामनवमी के तीन दिन पूर्व इट भट्ठा गया था। उसे पलमा डीपाटोली निवासी सरदार दिलीप गोप ने गाजीपुर के इट भट्ठा में काम करने ले गया था। लेकिन शव के गांव आने की सूचना मिलने पर सरदार दिलीप मोबाइल स्विच ऑफ कर फरार है। हालांकि मृतक के परिजन ने बताया कि 27 जून की रात 9 बजे बालेश्वर से घर के लोगो की बात भी फोन पर ही थी। बताया जा रहा है कि उसे अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था लेकिन आधे घंटे बाद बालेश्वर की मौत हो गयी की बात संशय है। मृतक के चेहरे पर खून के धब्बे थे एवं सर के पीछे हल्की चोट थी। परिजन हत्या की आशंका जता रहे थे। समाचार लिखे जाने तक शव गाजीपुर से आए एम्बुलेंस में ही थाना परिसर में पड़ा था।

# देवकी देवी के प्रयास से 78 किसानों को मिला धान का बीज



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी के प्रयास से रविवार को 78 किसानों के बीच कृषि विभाग के द्वारा धान के बीज का वितरण किया गया। बता दे की गुमला में अच्छी बारिश के बीच खेती बाड़ी शुरू हो गया है किसान कई दिनों से कृषि विभाग का चक्कर लगा रहे थे लेकिन उन्हें धान का बीज मुहैया नहीं कराया जा रहा था। मामले को लेकर बीते दिनों देवकी देवी ने शहर के पटेल चौक में किसानों के साथ सड़क जाम कर दिया था। जिसके बाद विभाग की ओर से जल्द ही किसानों को धान का बीज देने की बात कही गयी थी। वही रविवार दिन के 2 बजे किसानों के बीच धान के बीच का वितरण किया गया। इस कार्य में देवकी देवी का प्रयास सराहनीय रहा। बीज पाकर किसान काफी खुश हुए। किसानों ने कहा समय बीत जाने के बाद धान मिलने से अच्छी फसल नहीं होती थोड़ा विलंब हुआ लेकिन किसानों को धान मिल गया है। वहीं देवकी देवी ने कहा मूंगफली मड़ुआ उरद और अन्य कई प्रकार के बीच भी विभाग में आया है जल्द ही किसानों के बीच इन बीजों का वितरण किया जाये।

# बीमार महिला को बहंगी में ढोकर अस्पताल ले गये परिजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के ऊपर खटंगा पंचायत के पहाड़ टूडूरमा गांव में आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा सुलभ नहीं है।पहाड़ के तराई में बसे होने कारण सड़क नहीं बन सका है। रविवार दिन के 2 बजे एक महिला सुभद्रा देवी बीमार हो गई।तब उसे स्वजनों ने गेंडूआ में ढोकर चैनपुर प्रखंड के सोकराहातु पक्की सड़क तक लाए उसके बाद उसे वाहन से गुमला सदर अस्पताल पहुंचा गया। सड़क नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है खासकर बरसात के दिनों में जंगल व चट्टानों से पार कर मुख्य पथ तक जाना एक चुनौती होती है। क्योंकि सांप बिच्छू व जंगली जानवर का भय बना रहता है। वहीं पैदल 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में पसीने छूट जाते हैं। गांव तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण गांव का समुचित विकास भी नहीं हो पाया है। गांव में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है।

## जमशेदपुर में क्वीयर समुदाय के अधिकारों और गरिमा को मिला नया मंच

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पीपुल्स फॉर चेंज और जमशेदपुर केर सर्किल ने प्लान इंडिया,दा हमसफर ट्रस्ट और टी एसयुआईएसएल के सहयोग से प्राइड जलसा 2025 का आयोजन सुपर सेंटर, साकची में किया गया। इस आयोजन में झारखंड समेत ओडिशा और छत्तीसगढ़ से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दृश्यता है शक्ति, प्रेम है प्रतिरोध थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में प्राइड वॉक, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, ओपन माइक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में क्वीयर समुदाय की चुनौतियों को रेखांकित किया गया। सौविक साहा, पुष्पा नाग, मीनाक्षी किन्नर और अन्य वक्ताओं ने बराबरी और सुरक्षा की माँग को दोहराया। शुभकामना फाउंडेशन, श्रमजीवी महिला समिति और युवा जैसी संस्थाओं ने भी सहयोग दिया।

## एआइपीएफ और जेएनडी की राज्य स्तरीय संयुक्त बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट और झारखंड नवनिर्माण दल के राज्य समिति के प्रमुख नेताओं को लेकर 30 जून को जिला मुख्यालय के परिसदन में होंगी। यह संयुक्त बैठक दिन के 11 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में रोजगार व सामाजिक अधिकार अभियान को राज्य के गांव व शहर तक ले जाने, आदिवासी और मूल निवासियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गतिविधि तेज करने, पार्टी को झारखंड में विस्तार व मजबूती देने, दिल्ली में होने वाली ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने एवं झारखंड फ्रंट व दल द्वारा घोषित कार्यक्रम को राज्य स्तर पर ले जाने जैसे सवालों पर विशेष रूप से बातचीत की जायेगी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय नेता सह फ्रंट के संस्थापक और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र संघ के अध्यक्ष रहे अखिलेंद्र प्रताप सिंह भाग लेंगे। वहीं गुमला में 1 जुलाई को राष्ट्रीय विषयों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस को श्री सिंह संबोधित करेंगे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराग पीठइर टोली गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय रोशन बघवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना रविवार की सुबह 10:00 बजे की बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक घर में खराब बिजली बना रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे उम्मीद घोषित कर दिया। युवक विवाहित था उसका दो बेटी व तीन बेटा है। घटना की सूचना पर गुमला थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा किया जिसके बाद पोस्टमार्टम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अज्ञात बीमारी से पीड़ित बच्चा रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कोलेबिरा प्रखंड के कंजोबा गांव निवासी जितेंद्र लोहरा का 6 वर्षीय पुत्र मोहित लोहरा को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया बीती रात खाना-पीना खाकर सभी सो गए सुबह 4:00 बजे मोहित के पेट में दर्द शुरू हुआ इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालकोट ले जाया गया जहां से उसे गुमला रेफर किया गया। रविवार की अपराह्न 3 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। बच्चे के मुंह से आवाज नहीं निकल रहा है साथ ही मुंह से झाग निकल रहा है जिससे परिजन सर्प दंश की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन शरीर में सांप काटने का कहीं निशान भी नजर नहीं आ रहा है। परिजनों बताया मोहित के पिता बेंगलुरु में मजदूरी करते हैं जबकि मोहित को जन्म देने के बाद उसकी मां किसी अन्य व्यक्ति के साथ उसे छोड़कर भाग गयी। मोहित अपनी दादी के पास रहता है वही उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी उसके रोग का पता नहीं चल पा रहा था।

# स्पोर्ट्स



आइसीसी ने मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

# भारत के खिलाफ पहले मैच में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को नॉटिंघम (इंग्लैंड) में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 97 रन से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में हार के बाद मेजबान टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आइसीसी ने रविवार को एक बयान में बताया कि एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की हेलेन पैक ने यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। यह जुर्माना खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आइसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है। इसके तहत निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी करने में विफल रहने पर खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और जेम्स मिडलब्रुक, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और चौथे अंपायर अन्ना हैरिस ने आरोप तय किये। मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान स्मृति मंधाना की 62 गेंदों पर 112 रन की तूफानी शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गयी और 97 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला हार गयी। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी-20 मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा।

# बारिश से बोरडीह में दर्जनों घर गिरे, विधायक ने बांटी राहत सामग्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका/ जमशेदपुर।** रविवार रात हुई मूसलाधार बारिश से पोटका प्रखंड के बोरडीह समेत कई गाँवों में भारी तबाही हुई। कोवाली थाना क्षेत्र के बोरडीह, चिरुगोड़ा, ढेंगाम गांवों में दर्जनों कच्चे मकान ढह गये और कई परिवार बेघर हो गये। रविवार को सूचना मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त घरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को राहत शिविर में राशन, तिरपाल और वस्त्र वितरित किए और अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। मुक्तेश्वर धाम उच्च विद्यालय, हरिणा में बने शिविर में ठहरे लोगों के लिए तीनों समय भोजन और सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। राहत कार्य में झामुमो कार्यकर्ता और पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। मुखिया सरस्वती मुर्मू समेत कई स्थानीय नेता प्रभावित परिवारों की मदद में लगे हैं। प्रशासन जल्द से जल्द मकानों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in



### वन विभाग पर ग्रामीणों ने लगाया रैयती भूमि पर जबरन खुदाई का आरोप

# जमीन पर अधिकार को लेकर भिड़े ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी

**- ग्रामीणों ने दी लिखित शिकायत, बेवजह मारपीट का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के तेलमोच्चो पंचायत अंतर्गत कुंजी गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग पर जबरन रैयती भूमि पर कब्जा करने और खुदाई करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने वन संरक्षक पदाधिकारी और महुदा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कहा कि शनिवार को वन विभाग के कुछ कर्मी जेसीबी मशीन लेकर उनकी पुश्तैनी जमीन पर पेड़ लगाने के उद्देश्य से खुदाई करने पहुंचे। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो वन विभाग के कर्मियों ने मारपीट की और जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। महिलाओं के विरोध के बाद विभागीय कर्मी मौके से चले गए, लेकिन जाते-जाते ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि उनके पूर्वजों के समय से रैयती है, जिस पर वे लगातार लगान देकर रसीद कटवाते आ रहे हैं। इसी जमीन पर खेती कर वे अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन अब वन विभाग इस जमीन पर अपना दावा जताकर जबरन कब्जा कर वृक्षारोपण करना चाहता है। इस विवाद को लेकर रविवार को महुदा थाना परिसर में पुलिस, वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। जिसमें तेलमोच्चो के मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो भी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने जमीन से संबंधित सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए, जबकि वन विभाग के कर्मी एक मानचित्र के आधार पर भूमि पर अपना अधिकार जता रहे थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब तक अंचल कार्यालय की ओर से उक्त भूमि की विधिवत मापी नहीं की जाती, तब तक उस पर कोई कार्य नहीं किया जाएगा। वहीं, वन रक्षी रवि कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व ग्रामीणों को जमीन के दस्तावेज कार्यालय में जमा करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने निर्देशों की अवहेलना की। अब विभाग उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार ही कार्रवाई करेगा। प्रशासन की प्राथमिकता नियमों का पालन सुनिश्चित करना और उचित समाधान निकालना है। वहीं, मुखिया प्रतिनिधि शिबु महतो ने वन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। कहा कि ग्रामीण दशकों से उक्त जमीन पर खेती करते आ रहे हैं। वे सभी गरीब परिवारों से हैं। यदि वन विभाग उनकी जमीन पर कब्जा करता है, तो यह अन्याय होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जबकि अंशु राय ने बताया कि अमलाबाड़ी क्षेत्र में स्थित भूमि उनके पूर्वजों की पुश्तैनी संपत्ति है, जहां उनका परिवार पिछले 60 से 70 वर्षों से रह कर कृषि कार्य के जरिए अपनी आजीविका चला रहा है। उनका आरोप है कि अब वन विभाग उक्त भूमि पर बलपूर्वक अधिकार करने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि जब उन्होंने इस जमीन को छोड़ने से इनकार किया, तो उन्हें विभिन्न प्रकार से डराया-धमकाया जा रहा है। इस कारण उनके परिवार में असुरक्षा और मानसिक तनाव उत्पन्न हो गया है। उधर, जगन महतो ने बताया कि उनके पास पुश्तैनी जमीन से जुड़े सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। वे किसी भी हालत में वन विभाग को जमीन पर कब्जा नहीं करने देंगे। हराधन महतो ने बताया कि वन विभाग जब उनकी जमीन पर जबरन कार्य करने आया, तो वे ग्रामीणों के साथ कागजात लेकर पहुंचे। कागजात दिखाने पर वनकर्मी ने उन्हें धमकाया, गाली दी और जबरन गाड़ी में बैठाने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई।



विरोध कर रहे ग्रामीणों को पकड़ने का प्रयार करते वन विभाग के कर्मचारी।

## सरकार की बेरुखी अब बर्दाश्त नहीं, जरूरत पड़ी तो देंगे सामूहिक इस्तीफा : शारदा सिंह

### 15वे वित्त आयोग को लेकर पंचायती राज प्रतिनिधियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 15वीं वित्त आयोग को लेकर रविवार को निरीक्षण भवन में आपातकालीन बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरमैन शारदा सिंह ने किया। इसमें जिप सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, समिति और पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर शारदा सिंह ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। विगत एक वर्ष से फंड नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य अवरुद्ध हो रहा है। सरकारें आये दिन मंच से गांव के विकास की बात करती है। लेकिन गांव के विकास के लिए पंचायती राज के प्रतिनिधियों को धनराशि नहीं दे रही है। इससे साफ पता चलता है कि आम जनता की आंखों में धूल झोंका जा रहा है। इसे लेकर आगामी नौ जुलाई को न्यू टाउन हॉल में महत्वपूर्ण बैठक होगी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य और केंद्र सरकारें कुंभकर्णीय निंद्रा से नहीं जागी तो सभी जिप सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सामूहिक रूप से राज्यपाल के समक्ष इस्तीफा दे देंगें। जिसकी रूपरेखा आगामी बैठक में तय की जाएगी। बैठक का संचालन जिला मुखिया संघ की अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी ने किया। जबकि संघ के सलाहकार मनोज हाड़ी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर प्रमुख गीता देवी, आनंद कुमार, उप प्रमुख हेमलाल महतो, जिप सदस्य स्वाति कुमारी, मीना हेंब्रम, मो गुलाम कुरैशी, मो इसराफिल, सुबोध कुमार, सचिन मंडल, सुदेश रजक, प्रसिद्ध कुमार सिंह, गुलाम सरवर खान, दीपिका कुमारी, आशा कुमारी दास, संजय गोराई, राकेश मुर्मू, उत्तम चौधरी, संजय बाउरी, सौरव महतो और मिहिर मंडल आदि उपस्थित थे।

## नफरत फैलाने वालों से देश को बचाना है : सीता राणा

**- महिलाओं को जागरूक होकर समाज में लाना होगा बदलाव : रूबी खातून**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद/गोविंदपुर।** जिले के गोविंदपुर अंतर्गत अमरपुर पंचायत भवन में रविवार को महिला कांग्रेस की बैठक हुई. जिसकी अगुवाई रूबी खातून ने की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीता राणा भी शामिल हुईं। इस दौरान रूबी खातून के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने महिला कांग्रेस का दामन थामा। सीता राणा ने सभी नव सदस्यों का फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर सीता राणा ने कहा कि समाज में नफरत फैलाने और संविधान बदलने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। सामाजिक समरसता और प्रेम एकता की बात कांग्रेस की मूल विचारों में है। वर्तमान केंद्र सरकार में बेरोजगारी, महंगाई और हिंसा बढ़ी है। अपनी नाकामी को सरकार समाज में नफरत और दुर्भावना फैला कर छिपाने का प्रयास कर रही है। इससे समाज को बचाने के लिए कांग्रेस की विचारधारा को अपनाना होगा और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना होगा। वहीं, रूबी खातून ने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर समाज में बदलाव लाना होगा। महिलाओं को अपने अधिकार और हक के लिए जागरूक एवं संगठित होकर लड़ाई लड़नी होगी। तभी समाज में बदलाव और विकास होगा। इस मौके पर राम दुलारी, हेमंती जयसवाल, पुनम देवी, गुड़िया देवी, सुनीता निषाद, शकीला खातून, आमना खातून, सुल्ताना खातून, खुरनी देवी, आरसी प्रवीण, रुक्मणि देवी, साहिबा प्रवीण, शकीना खातून, अंगूरी प्रवीण, अंगूम आरा, रेशमा बीबी, किरण देवी, बिना बीबी, कुलसुम बीबी, शहनाज बीबी, शकीना खातून, शबनम खातून, रोजी खातून, शाहीना प्रवीण, शकीना खातून, फिरोजा खातून, साहिन प्रवीण, रेशमा, प्रवीण, जेबा प्रवीण, रूबी प्रवीण, सबा प्रवीण, मेहक प्रवीण और खेरूबा बीबी आदि मौजूद थीं।

## बियाडा के शिवप्रिया इस्पात उद्योग के फर्नेस में विस्फोट, दो मजदूर झुलसे



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बालीडीह थाना क्षेत्र के बियाडा स्थित शिवप्रिया इस्पात उद्योग में रविवार की सुबह फर्नेस में हुए विस्फोट से दो मजदूर बुरी तरह झुलस गए। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अचानक हुए विस्फोट के बाद धमन भट्ठी से उछला गर्म लोहा पास में ही काम कर रहे दो मजदूर लखन टुडू एवं अखिल कुमार पर गिर गया, जिससे वे पूरी तरह झुलस गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही झामुमो नेता मंटू यादव मौके पर पहुंच गये। उन्होंने कंपनी पर सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने का आरोप लगाया। कहा कि कंपनी के सुरक्षा नियमों की लापरवाही से ही हादसा हुआ है। सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर लोगों से काम लिया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने फैक्ट्री इंस्पेक्टर की भूमिका पर भी सवाल उठाया है।

## भाजपा शासित राज्यों में दलित आदिवासी और ओबीसी वर्ग सुरक्षित नहीं: संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर।** प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष इदु अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को संगठन सृजन अभियान की बैठक पुराना कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी और प्रवेक्षक पूर्णेंदु सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम संगठन सृजन के तहत बलियापुर प्रखंड कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं मंडल कांग्रेस अध्यक्षों को नियुक्ती पत्र सौंपा गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि मंडल अंतर्गत प्रत्येक पंचायत से एक पदाधिकारी मंडल कमेटी में शामिल करें। वहीं, धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पार्टी वर्ष 2025 को संगठन सृजन का वर्ष मानकर काम करेगी। प्रत्येक पंचायत में प्रवेक्षक और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को जाना है। उन्होंने कहा कि देश और संविधान को बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करना होगा। कहा कि भाजपा कांग्रेस के देशव्यापी 'संविधान बचाओ आंदोलन' से घबरा गई है, इसीलिए आज वे लोग फिर से इमरजेंसी की बात कर रहे हैं। पर सच्चाई यह है कि जो लोग अपने गवर्नेंस में नाकामयाब रहे और जिनकी खुद की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक बदहाली चरम पर है, वे आज लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा साशित राज्यों में आदिवासी, दलित और ओबीसी वर्ग सुरक्षित नहीं है। वहीं, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस संगठनन में कार्यकर्ताओं का सम्मान बड़ा है। जिला कांग्रेस गांव और पंचायत में नजर आ रही है। कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जब तक राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री नहीं बना लेते चैन से नहीं बैठेंगे। इस मौके पर बलियापुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इदु अंसारी, हारुन रशीद, सुदन महतो, आलमनी देवी, रवि रजवार, तालिम शेख, सुदन महतो आदि उपस्थित थे।

## 15वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम का हुआ गठन

**- बोकारो डीपीएस में सेलेक्शन ट्रायल में 55 अभ्यर्थी हुए शामिल, 23 चयनित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड तैराकी संघ के अधीन पूर्वी सिंहभूम जिला तैराकी संघ की ओर से 12-13 जुलाई को जमशेदपुर स्थित जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में आयोजित 15वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए रविवार को बोकारो जिले की टीम गठित की गयी। नगर के सेक्टर-4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के स्वीमिंग पूल में बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले हुए सेलेक्शन ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं अन्य जगहों से लगभग 55 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। पूर्व निर्धारित समय सुबह सात बजे से ही उनका आना शुरू हो गया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ पूल में छलांग लगाई और तैराकी में अपने दमखम दिखाए। इनमें से 23 तैराकों का चयन तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। बोकारो जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत बालक वर्ग की जूनियर कैटेगरी में अंकित बासु, प्रज्ञान कुमार, अर्णव शरण, आरव कुमार, सम्यक शिवांक एवं सब-जूनियर कैटेगरी में युवराज सिंह, ध्रुव ज्योति चौधरी, अतुल्य प्रकाश, दर्ष प्रसाद, ललित लुकेश, अपूर्व सिंह, पुनान पुरहान, दर्शिल राज और अवियांक मंडल चुने गए। इसी तरह, बालिकाओं की जूनियर कैटेगरी में गुरलीन, अदित्री चौहान, फैजा फारुकी एवं ज्योतिका चौधुरी, जबकि सब-जूनियर कैटेगरी में मरियम हुसैन, अरुणिमा, आद्या प्रिशा, आंशिका एवं ईशान्वी आर्या का चयन हुआ। बोकारो जिले की उक्त टीम अब अगले महीने 15वीं जूनियर एवं सब जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम के तैराक स्विमिंग की फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस स्पधाओं में अपने दमखम दिखाएंगे। डॉ गंगवार ने चयनित तैराकों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुराना बाजार टेंपल रोड रिफ्यूजी मार्केट स्थित बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कार्यालय में रविवार को यूनियन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड सुंदरलाल महतो ने की। इसमें यूनियन के महामंत्री सह विधायक अरूप चटर्जी भी उपस्थित रहे। इसमें शाखा से लेकर केंद्र तक के सैकड़ों लोग शामिल हुए और चार लेबर कोड के विरुद्ध नौ जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल की सफलता को लेकर चर्चा किये। इसके अलावा एक जुलाई को धनबाद कोयला नगर रीक्रिएशन क्लब में संयुक्त मोर्चा की बैठक का प्रतिनिधित्व करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन आनंद मय पाल ने किया। इस मौके पर मानस चटर्जी, हरि प्रसाद पप्पू ,जोगिंदर महतो, सुरेश गुप्ता, जेके झा, तुलसी रवानी, राजेंद्र पासवान, पतित पावन माझी, कामरेड राणा चट्टराज, सूरेंद्र पासवान, कुंदन पासवान, कामरेड रहीम, कामरेड सुनील कुमार महतो, महेंद्र महतो, निरंजन महतो, अरविंद, कुमार तिवारी, देवीलाल महतो, भूषण महतो, भोला चौहान, आनंद लाल महतो, लीला चौहान, पशुपतिनाथ देव, धर्मेंद्र कुमार राय, शिवकुमार सिंह, एके झा, भारत भूषण, रामकृष्ण पासवान, शिव कुमार सिंह आदि ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी क्षेत्रों में संगठित असंगठित ग्रामीण बेरोजगार नौजवान दो घंटा सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगें।

## मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन का शुभारंभ
## स्वास्थ्य सिर्फ सुविधा नहीं, अधिकार है : सोनल

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान के लिए अब लोगों को बड़े शहरों के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने रविवार को गोविंदपुर आठ लाइन स्थित पार्कलेन रिसोर्ट में एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन का शुभारंभ किया, जो अब सुदूर ग्रामीण और वंचित इलाकों में जाकर निशुल्क जांच व परामर्श की सुविधा देगी। यह महत्वाकांक्षी परियोजना द रोटरी फाउंडेशन के ग्लोबल ग्रांट संख्या 2569509 के सहयोग से शुरू की गई है। यह वैन अत्याधुनिक जांच उपकरणों से लैस है। विशेष रूप से उन लोगों तक पहुंचेगी, जो नियमित चिकित्सा सेवाओं से दूर हैं। इस मोबाइल वैन का संचालन प्रतिष्ठित महावीर कैंसर संस्थान पटना की ओर से किया जाएगा, जो कैंसर के उपचार और अनुसंधान में देशभर में प्रसिद्ध है। संस्थान की विशेषज्ञ टीम ग्रामीण इलाकों में जाकर स्क्रीनिंग, परामर्श और संदिग्ध मामलों के लिए रेफरल की सेवा उपलब्ध कराएगी। धनबाद के होटल पार्क लेनमें आयोजित उद्घाटन समारोह में पूर्व रोटरी इंटरनेशनल निदेशक रोटेरियन कमल संघवी ने वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिलापाल रोटेरियन बिपिन चाचान और प्रथम महिला रोटेरियन शिल्पी चाचान उपस्थित रहे। वहीं, रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने इस ऐतिहासिक पहल को समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि करार दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ बीमारी की पहचान करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है। स्वास्थ्य कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक अधिकार है। यह मोबाइल वैन हमारे समाज में बदलाव की चलती-फिरती मिसाल होगी। हमारा लक्ष्य है कि कोई महिला, ग्रामीण, गरीब नागरिक सिर्फ इसलिए अपनी जान न गंवाए क्योंकि वह समय पर जांच नहीं करा सका। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के असिस्टेंट गवर्नर आशीष बंका ने कहा कि यह मोबाइल वैन रोटरी की समाज सेवा की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कैंसर की समय पर पहचान से जीवन बचाया जा सकता है। यह पहल उन लोगों तक पहुंचेगी जो अब तक इन सेवाओं से वंचित रहे हैं। वहीं, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन जिन्होंने इस परियोजना की नींव रखी ने भावुक शब्दों में कहा कि हमने इस वैन के माध्यम से हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का सपना देखा था, जो इलाज से वंचित रह जाता है। आज वह सपना साकार हुआ है। यह सिर्फ एक वैन नहीं, बल्कि उम्मीद और जीवन की नई रेखा है। इस मौके पर अमिताभ बंका, पोदार मयूर, पुनीत, सुनील पोद्दार, सोनू बंका, दीपक सराफ, रोशन धानदरिया, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचारों से बचें : थाना प्रभारी

**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम को लेकर जोड़ापोखर थाना परिसर में रविवार को जन सहयोग समिति सह शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा और संचालन किशोर कुमार ने किया। इस दौरान क्षेत्र के जीतपुर, डिगवाडीह, बरारी, जामाडोबा, भागा, फूसबंगला, शालीमार, जियलगोरा के अखाड़ा कमेटी के सदस्य एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित होकर मुहर्रम के दिन होने वाली समस्या और उसके निदान को लेकर चर्चा किये। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से होते आ रहे हैं। इस परंपरा को निभाते हुए सभी आपस में मिलजुल कर मुहर्रम को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। उन्होंने मुहर्रम कमेटी से जुलूस के रूट चार्ट और होने वाले आयोजन के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासन हर तरह के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से बचें। इस दौरान बैठक में थाना प्रभारी सह नव प्रोन्नत डीएसपी राजेश प्रकाश सिन्हा का लोगों ने सम्मान किया। बैठक में शमशेर आलम, कार्तिक हाड़ी आदि थे।

## दो खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जूनियर एवं सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के बैंच प्रेस में सिल्वर मेडल जीतने वाले पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी मो शकरुद्दीन एवं झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप देवघर में डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल एवं बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी सुमित साव को रविवार को आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर प्रांगण में एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद बार के वरीय अधिवक्ता दीप नारायण भट्टाचार्य ने दोनों खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, व्यायाम शाला के अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा एवं महासचिव गुरु जी दुगार्राम ने दोनों खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ी मो शकरुद्दीन ने जूनियर नेशनल बैंच प्रेस के 74 किलोग्राम के वर्ग में 177.5 किलो का वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता था। उक्त प्रतियोगिता कर्नाटक के दवंगेरे में 22 से 30 जून तक आयोजित हुई थी। जिसमें पूरे भारत से 1200 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसमें झारखंड से 10 सदस्यीय दल इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। झारखंड की टीम से कतरास निवासी मो शकरुद्दीन को ही सिल्वर मेडल प्राप्त कर पूरे राज्य के साथ ही कतरास कोयलांचल का नाम रोशन किया। मौके पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय झा, महासचिव गुरूजी दुगार्राम, वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, सचिव रणधीर बर्मन, संगठन सचिव दीपक कुमार गुप्ता, अभय बर्मन, हर्ष गुप्ता, मो हसनैन, पीयूष पांडे, सिंटू मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## 'मन की बात' का 123वां एपिसोड प्रसारित

# आपातकाल में लोगों को प्रताड़ित किया गया : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो शो 'मन की बात' का 123वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। देशवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार आप अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ऊर्जा से भरे हुए हैं। यह 10 साल पहले शुरू हुआ था और आज पूरी दुनिया में छा गया है। योग दिवस की खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलीं। योग अब सशक्तिकरण का जरिया बन गया है। पीएम मोदी ने कहा, 21 जून को देश और दुनिया भर में लाखों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इसकी शुरुआत 10 साल पहले हुई थी। इन 10 सालों में हर साल उसकी परंपरा पहले से ज्यादा भव्य होती गयी है। यह दर्शाता है कि ज्यादा लोग योग को अपने जीवन में शामिल कर रहे हैं। इमरजेंसी के दौर को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इमरजेंसी लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाये रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

पीएम मोदी ने कहा, धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसर का महाअनुष्ठान होती हैं। जितने लोग यात्रा में जाते हैं, उससे ज्यादा लोग उनकी सेवा में जुट जाते हैं। लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हुई है। हिंदू, बौद्ध, जैन परंपरा में कैलाश को श्रद्धा का केंद्र माना गया है। जब कोई तीर्थयात्रा पर जाता है, तो एक भाव मन में आता है, चलो बुलावा आया है। यही भाव हमारी धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ-साथ प्रभु से जुड़ने का माध्यम है। उन्होंने ये भी बताया, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। अब भारत ट्रैकोमा मुक्त देश बन चुका है। यह उन लाखों लोगों की मेहनत का फल है, जिन्होंने बिना थके, बिना रुके, इस बीमारी से लड़ाई लड़ी। यह सफलता हमारे हेल्थ वर्करों की है। उन्होंने आगे कहा, अभी इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आयी है। इसमें सामने आया है कि देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजना का लाभ उठा रहे हैं।

## जनगणना: एक अप्रैल से मकान सूचीकरण, जाति भी पूछी जायेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार ने आगामी जनगणना 2026 के पहले चरण की तारीख तय कर दी है। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना एक अप्रैल 2026 से शुरू होगी। दो चरणों में जनगणना होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण काम होगा, जिसे हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण जनसंख्या गणना का है। यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जानकारी ली जायेगी। इस चरण में सरकार यह पता लगायेगी कि घर की दीवार, छत और फर्श किस सामग्री की बनी है। घर में कितने कमरे हैं, कितने लोग रहते हैं, घर में शादीशुदा जोड़े हैं या नहीं, क्या घर का मुखिया महिला है या वह अनुसूचित जाति/जनजाति से है।

## चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस केंद्र रांची में आयोजित की गयी सभा



रांची (आजाद सिपाही। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के छठे महाधिवेशन को लेकर रविवार को रांची जिला पुलिस लाइन सभागार किया गया। रांची जिला के कोषाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गयी। झारखंड जगुआर में भी प्रचार प्रसार किया गया है। इसकी अध्यक्षता अमित कुमार ने की। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण सिंह, महामंत्री रमेश उराव, सयुंक्त महामंत्री स्टीफन सोरेन, गबरियल सोरेन, अमित तिवारी, सबीलूर रहमान खान, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, सरफराज खान, सचिदानंद राय, संजय राम अविनाश कुमार राय, निर्भय राज, प्रदीप टोपो, उपेंद्र पांडेय, युगल मुंडा, पंकज तिवारी, माइकल तिर्की, प्रदीप यादव और मृत्युंजय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बोकारो भी मौजूद थे।

## मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत को बड़ी जिम्मेदारी, मिलेगी करोड़ों की सैलरी

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। इस पद के साथ उन्हें सालाना 10 से 20 करोड़ रुपये तक का वेतन और कंपनी के मुनाफे पर कमीशन समेत कई भत्ते और सुविधाएं मिलेंगी। इस संबंध में जानकारी कंपनी ने शेयरधारकों को भेजे गये नोटिस में दी है। 2023 में मुकेश अंबानी ने अपने तीनों बच्चों, आकाश, इशा और अनंत को रिलायंस के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया था।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM
ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

NEW LIFE CLINIC
ALL MEDICAL SPECIALISTS ARE AVAILABLE HERE
PEDIATRICIAN (शिशु रोग विशेषज्ञ)
GYNECOLOGIST (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
PHYSICIAN (सामान्य रोग विशेषज्ञ)
PHYSIOTHERAPIST (फिजियोथेरेपिस्ट)
हमारे यहाँ सभी प्रकार के टीकाकरण एवं खून जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
HOME COLLECTION ALSO AVAILABLE
9102350010, 6202354863, 6294931155
Ground Floor, Gajsagar Complex Near State Bank of India, Kokar

ADARSH ACADEMY
Let's Start From Zero to Reach Infinity
AADHAR VII TO X JAC /CBSE/ICSE
XI & XII JAC /CBSE/ICSE
B.Sc. Mathematics (All Semesters)
JEE/NEET
ADMISSION OPEN
For Demo Visit Our Youtube Channel ADARSH ACADEMY RANCHI
8789921216, 7061333946
Plaza Chowk: Opp. Mahila Polytechnic College, Ranchi.
Sujata Chowk: 2nd Floor, City Centre, Opp. Gossner College, Ranchi.

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम रखरखाव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful
OUR WEEKENDS PROGRAMS ABACUS, DANCE DRAWING, MUSIC (OPEN FOR ALL)
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

ACME COACHING
Classes For
+2 / I.Com. Accts, Eco., B.St.
B.Com. All Sem.
C.A./C.S. Foundation
Our Top Achievers (2025 Exams)
Home Tutions Also Available
Address Santipuram Colony, Chesire Home Road, Dipatoli, Ranchi
Mob.: 8210990620 / 9835120846

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST D-4 MONTH
GET JOB
MONEY BACK

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय : दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बायाँ मंजिल रोड, रॉंची-834001
9431585446 | 7903633179

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

ADMISSION OPEN
50% OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रॉंची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**